रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 304] नई दिल्ली, रविवार, मार्च 31, 2002/चैत्र 10, 1924
No. 304] NEW DELHI, SUNDAY, MARCH 31, 2002/CHAITRA 10, 1924

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
(वाणिज्य विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 31 मार्च, 2002

सं. 1/2002—2007

का. आ. 349(अ).—निर्यात और आयात नीति, 1997—2002 के पैरा 1.1 के साथ पठित विदेश व्यापार (विकास तथा विनियमन अधिनियम 1992) (1992 की संख्या 22) की धारा 5 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्र सरकार, एतद्द्वारा, इस अधिसूचना के अनुलग्नक में दी गई निर्यात और आयात नीति 2002—2007 अधिसूचित करती है। यह नीति 1 अप्रैल 2002 से लागू होगी।

इसे लोकहित में जारी किया जाता है।

[फा. सं. 01/94/180/एक्जिम पॉलिसी/ए एम 03/नीति-4]

एन. एल. लखनपाल, महानिदेशक, विदेश व्यापार और पदेन सचिव

अनुलग्नक

निर्यात और आयात नीति

(1 अप्रैल 2002—31 मार्च 2007)

अध्याय - एक

प्रस्तावना

अवधि

1.1 विदेश व्यापार (विकास और विनियमन) अधिनियम 1992 (1992 की संख्या 22) की धारा 5 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्र सरकार 2002-2007 की अवधि के लिए निर्यात एवं आयात नीति को अधिसूचित करती है । यह नीति 1 अप्रैल, 2002 से लागू होगी तथा पॉच वर्ष की अवधि अर्थात 31 मार्च, 2007 तक प्रभावी रहेगी और इसकी अवधि दसवीं पंचवर्षीय योजना की अवधि(2002-2007) के साथ समाप्त होगी। तथापि केन्द्रीय सरकार, अधिनियम की धारा-5 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जनहित में इस नीति में कोई संशोधन कर सकती है। ऐसे संशोधन भारत के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के माध्यम से किए जाएंगे ।

अन्तर्वर्ती व्यवस्था

1.2 पूर्व निर्यात/आयात नीतियों के अंतर्गत जारी की गई कोई भी व्यवस्था अधिसूचना या सार्वजनिक सूचना या अन्य व्यवस्था जो इस नीति के प्रारम्भ होने से पूर्व लागू थी, वह जब तक इस नीति के प्रावधानों में असंगत न हों, लागू रहेगी तथा उन्हें इस नीति के तहत जारी किया माना जाएगा। इस नीति से पूर्व जारी किए गए लाइसेंस/प्रमाणपत्र/अनुमत पत्र उनमें अनुमत मदों के आयात/निर्यात के लिए मान्य रहेंगे जब तक अन्यथा अधिसूचित न किया गया हो ।

1.3 यदि इस नीति के तहत मुक्त रूप से किए जा सकने वाले किसी निर्यात या आयात पर बाद में कोई प्रतिबंध लगाया जाता है या उसे विनियिमत किया जाता है तो ऐसे प्रतिबंध या विनियमन के बावजूद सामान्यतः ऐसे निर्यात या आयात की अनुमति प्रदान की जाएगी, जब तक कि अन्यथा निर्धारित न किया गया हो, बशर्ते कि ऐसे प्रतिबंध से पूर्व स्थापित अपरिवर्तनीय साख-पत्र के प्रति ऐसे निर्यात या आयात का पोत लदान ऐसे प्रतिबंध से लागू होने की मूल वैधता अवधि के भीतर हो जाए ।

उद्देश्य

1.4 इस नीति के प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित हैं :-

(1) विश्व व्यापार में कम से कम 1% की भागीदारी प्राप्त करने के लिए निर्यात में निरन्तर वृद्धि करना ।

(2) उत्पादन बढ़ाने के लिए अपेक्षित आवश्यक कच्चे माल, मध्यस्थों, संघटकों, उपभोज्यों तथा पूंजीगत माल को आसानी से उपलब्ध करवाकर सतत आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करना,

(3) भारतीय कृषि, उद्योग और सेवाओं की प्रौद्योगिक क्षमता और कुशलता को बढ़ावा देना और नए रोजगार के अवसर पैदा करके उनकी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता में सुधार लाना, गुणवत्ता के अन्तरराष्ट्रीय रूप से स्वीकार्य मानदण्डों को प्राप्त करने को प्रोत्साहित करना ।

(4) उपभोक्ताओं को अन्तरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक मूल्यों पर बढ़िया उत्पाद उपलब्ध कराना। जिसके साथ-साथ घरेलू निर्माताओं को समान अवसर प्रदान करना ।

1.5 निर्यात संवर्धन के हित में साझा दृष्टिकोण एवं समर्पण तथा सर्वोत्तम सुविधाएं प्रदान करने के लिए इन उद्देश्यों को सामान्य रूप से राज्य सरकारों और भारत सरकार के सभी विभागों के समन्वित प्रयासों और विशेषकर वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय एवं विदेश व्यापार महानिदेशालय तथा इसके क्षेत्रीय कार्यालयों के नेटवर्क के जरिए प्राप्त किया जाएगा ।

अध्याय - दो
निर्यात एवं आयात से संबंधित सामान्य प्रावधान

आयात और निर्यात मुक्त जब तक कि विनियमित न हो

2.1 इस नीति के प्रावधानों अथवा तत्समय लागू अन्य कानूनों द्वारा जिस सीमा तक विनियमित होते हैं, को छोड़कर निर्यात एवं आयात मुक्त होगा। मदवार निर्यात और आयात नीति, समय-समय पर यथा संशोधित विदेश व्यापार महानिदेशक द्वारा प्रकाशित और अधिसूचित "आई टी सी(एच एस)"में विनिर्दिष्ट के अनुसार होगी।

कानून का अनुपालन

2.2 प्रत्येक निर्यातक या आयातक को, विदेश व्यापार (विकास एवं विनियम) अधिनियम 1992 के प्रावधानों, इसके अन्तर्गत बनाए गए नियमों और आदेशों, इस नीति के प्रावधानों तथा उसको दिए गए लाइसेंस/प्रमाणपत्र/अनुमति या प्रमाणपत्र या उसे प्रदान अनुमति की शर्तो और उस समय लागू कानून का अनुपालन करना होगा । सभी आयातित माल भी देशी उत्पादित माल पर यथा लागू स्वदेशी कानूनों, नियमों, विनियमों, तकनीकी विनिर्देशनों, पर्यावरण और सुरक्षा मानदण्डों के अधीन होंगे ।

नीति की व्याख्या

2.3 आई टी सी(एच एस) प्रक्रिया पुस्तक (खण्ड-1), प्रक्रिया पुस्तक (खण्ड-2) आई टी सी(एच एस) वर्गीकरण नामक पुस्तक में किसी मद के वर्गीकरण के संबंध में या इस नीति में दिए गए किसी भी प्रावधान के स्पष्टीकरण के बारे में यदि किसी भी प्रकार का प्रश्न अथवा शंका उत्पन्न होती है तो ऐसे प्रश्न अथवा शंका को महानिदेशक, विदेश व्यापार को भेजा जाएगा तथा उनका निर्णय अंतिम व बाध्यकर होगा । किसी लाइसेंस/ प्रमाणपत्र/अनुमति के नीति अनुसार जारी होने के विषय में कोई शंका या प्रश्न उठने पर उन लाइसेंस/प्रमाणपत्र/अनुमति दस्तावेजों को विदेश व्यापार महानिदेशालय के पास भेजा जाएगा जिनका निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा ।

प्रक्रिया

2.4 महानिदेशक, विदेश व्यापार किसी एक मामले में अथवा मामलों की श्रेणी में किसी भी आयातक अथवा निर्यातक या अन्य लाइसेंसिंग सक्षम अथवा अन्य प्राधिकारी इस अधिनियम के प्रावधानों, इसके अधीन बने आदेशों तथा इस नीति को लागू करने के उद्देश्य से कोई विशेष प्रकिया निर्धारित कर सकता है । ऐसी प्रक्रिया पुस्तक (भाग-1), प्रक्रिया पुस्तक (भाग-2) और आई.टी.सी.(एच एस) निर्यात और आयात के वर्गीकरणों में सम्मिलित होगी तथा सार्वजनिक सूचना द्वारा प्रकाशित की जाएगी । उक्त प्रक्रिया को उसी तरीके से समय-समय पर संशोधित किया जा सकेगा ।

नीति/प्रक्रिया से छूट 2.5 इस नीति अथवा प्रक्रिया में ढील प्राप्त करने के लिए इस आधार पर किया गया अनुरोध कि आवेदक को वास्तव में कठिनाई है अथवा नीति या प्रकिया को कड़ाई से लागू करने पर व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है, को महानिदेशक, विदेश व्यापार को आवश्यक ढील के लिए भेजा जा सकता है । उस पर महानिदेशक ऐसा आदेश या ऐसी छूट या राहत जैसा भी उचित या समुचित हो दे सकते हैं महानिदेशक विदेश व्यापार लोकहित में किसी भी व्यक्ति या वर्ग या व्यक्तियों की श्रेणी को इस नीति की किसी प्रक्रिया से या किसी प्रक्रिया से छूट दे सकते हैं या ऐसी छूट देते समय वह ऐसी शर्तें लगा सकते हैं जैसाकि वह उचित समझे। यदि वह अनुरोध अध्याय-4 के नीति/प्रक्रिया के प्रावधानों के बारे में हो तो ऐसे अनुरोधों पर केवल अग्रिम लाइसेंसिंग समिति से सलाह लेकर ही विचार किया जाए । तथापि अध्याय-4 से भिन्न प्रावधानों के संबधों में ऐसे किसी अनुरोध पर केवल नीति छूट समिति की सलाह लेने के बाद विचार किया जाएगा ।

प्रतिबंध के सिद्धान्त 2.6 विदेश व्यापार महानिदेशालय द्वारा अधिसूचना के माध्यम से निम्नलिखित हेतु कोई भी आवश्यक कदम उठा सकता है ।

(क) सार्वजनिक आचरण का संरक्षण
(ख) मानव, जानवर अथवा पादप जीवन अथवा स्वास्थ्य का संरक्षण
(ग) पेटेंट, ट्रेडमार्क और कापीराइट का संरक्षण और भ्रामक कृत्यों की रोकथाम ।
(घ) कारागार श्रमिकों का संरक्षण
(ड.) कला, इतिहास अथवा पुरातत्व मूल्य की राष्ट्रीय धरोहर का संरक्षण ।
(च) सम्पूर्ण प्राकृतिक स्रोतों का संरक्षण ।
(छ) विखंड़नीय सामग्री अथवा जिससे वह प्राप्त की गई है, के व्यापार का संरक्षण, और
(ज) हथियारों, गोला-बारुद और युद्ध के साज-सामान के व्यापार की रोकथाम

प्रतिबंधित माल	2.7	कोई भी माल जिसका आई टी सी (एच एस) के अधीन निर्यात अथवा आयात प्रतिबंधित किया गया है, उसका इस संबंध में जारी किए गए लाइसेंस/प्रमाणपत्र/अनुमति या सार्वजनिक सूचना के अनुसार ही निर्यात अथवा आयात किया जा सकेगा ।
लाइसेंस/प्रमाण पत्र/ अनुमति की शर्तें	2.8	प्रत्येक लाइसेंस/प्रमाणपत्र/अनुमति विनिर्दिष्ट वैधता अवधि के लिए वैध होगा तथा लाइसेंस/प्रमाणपत्र/अनुमति में दी गई शर्तें, लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा यथा विनिर्दिष्ट होगी तथा इसमें निम्नलिखित सम्मिलित होंगी:- 1. माल की मात्रा, विवरण एवं मूल्य, 2. वास्तविक उपयोक्ता शर्त, 3. निर्यात दायित्व, 4. प्राप्त किया जाने वाला मूल्य वर्धन, 5. न्यूनतम निर्यात मूल्य
लाइसेंस/प्रमाणपत्र/ अनुमति अधिकार नहीं	2.9	कोई व्यक्ति लाइसेंस/प्रमाणपत्र/अनुमति को अधिकारमय नहीं ले सकता है तथा महानिदेशक, विदेश व्यापार या लाइसेंसिंग प्राधिकारी को, अधिनियम के प्रावधानों और उसके अंतर्गत बने नियमों के अनुसार लाइसेंस/प्रमाणपत्र/अनुमति पत्र देने से इनकार करने या नवीकरण करने का अधिकार होगा ।
जुर्माना	2.10	यदि लाइसेंस/प्रमाणपत्र/अनुमति धारक लाइसेंस/प्रमाणपत्र/अनुमति की किसी शर्त का उल्लघंन करता है या निर्यात दायित्व को पूरा नहीं कर पाता है, तो उसे इस नीति के तहत बनाए गए अधिनियम, नियमों और आदेशों तथा उस समय लागू किसी अन्य नियम के अनुसार दंडित किया जा सकता है ।
राज्य व्यापार	2.11	कोई माल, जिसका आयात अथवा निर्यात के लिए राज्य व्यापार उद्यमों को विशेषाधिकार दिया गया हो अथवा जिनके माध्यम से विशेष रुप से विनियमित किया गया हो, राज्य व्यापार उद्यम द्वारा आयात और निर्यात मदों का वर्गीकरण नामक पुस्तक में यथा-विनिर्दिष्ट अनुसार उस माल का आयात या निर्यात किया जा सकता है । बशर्ते कि वह विनिर्दिष्ट शर्तों के अधीन हो, तथापि विदेश व्यापार महानिदेशक, इनमें से किसी माल के आयात या निर्यात के लिए किसी अन्य व्यक्ति को लाइसेंस/ प्रमाणपत्र/अनुमति दे सकता है । ऐसे माल के सम्बन्ध में, राज्य व्यापार उद्यमों को विशेषाधिकार मंजूर किया गया हो, अथवा विशेष रुप से विनियमित किया गया

हो, राज्य व्यापार उद्यम वाणिज्यिक दृष्टिकोण के अनुसार जिसमें कीमत, गुणवता, उपलब्धता, विपणनता, परिवहन तथा क्रय-विक्रय की अन्य शर्तें शामिल हैं, ऐसी काई अन्य खरीद या विक्रय कर सकता है । ये उद्यम किसी भेदभाव के बिना कार्य करेंगे और ऐसी खरीद ओर विक्रय में भाग लेने हेतु सक्षम होने के लिए प्रचलित व्यापार प्रथा के अनुसार प्राप्त सुविधाओं वाले देशों के उद्यमों के साथ ताल-मेल बिठाएंगे ।

आयातक-निर्यातक कोड नम्बर 2.12 जब तक विशेष छूट नहीं दी जाती किसी भी व्यक्ति द्वारा आयातक-निर्यातक कोड नम्बर (आई ई सी) के बिना किसी माल का निर्यात या आयात नहीं किया जायेगा । आयातक-निर्यातक कोड नम्बर, प्रक्रिया पुस्तक (भाग-1) में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा आवेदन के आधार पर मंजूर किया जायेगा ।

पड़ौसी देशों के साथ व्यापार 2.13 महानिदेशक विदेश व्यापार समय-समय पर आवश्यकता पड़ने पर ऐसे अनुदेश जारी कर सकते हैं अथवा ऐसी योजनाएं बना सकते हैं जो पड़ौसी देशों के साथ व्यापार को बढ़ावा देने और आर्थिक संबंध मजबूत करने के लिए अपेक्षित हों ।

माल लाने-ले-जाने की सुविधा 2.14 भारत के पड़ौसी देशों को माल भेजने या वहां से लाने की सुविधा भारत और इन देशों के बीच हुई संधि के अनुसार विनियमित होगी ।

ऋण की पुनः अदायगी करार के तहत रुस के साथ व्यापार 2.15 ऋण की पुनः अदायगी करार के तहत रुस के साथ व्यापार के मामले में, महानिदेशक, विदेश व्यापार समय-समय पर आवश्यकता अनुसार ऐसे अनुदेश जारी कर सकते हैं अथवा स्कीमें बना सकते हैं जो अपेक्षित हों तथा इस नीति में दिया गया कुछ भी जो इन अनुदेशों अथवा स्कीमों के अनुरुप नहीं है, लागू नहीं होगा ।

वास्तविक उपयोक्ता शर्त	2.16	पूंजीगत माल, कच्चा माल, मध्यस्थ, संघटक, उपभोज्य पदार्थ, अतिरिक्त पूर्जे, हिस्से पुर्जे उपसाधित्र यंत्र और अन्य सामान जिनके आयात पर प्रतिबंध नहीं है उनका आयात किसी भी व्यक्ति द्वारा किया जा सकता है चाहे वह वास्तविक उपयोक्ता हो अथवा नहीं । तथापि, यदि इनके आयात के लिए लाइसेंस/प्रमाण-पत्र/ अनुमति पत्र की जरुरत हों, तो केवल वास्तविक उपयोक्ता ही ऐसे माल का आयात कर सकता है बशर्ते कि लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा यह शर्त समाप्त न कर दी गई हो ।
पुरानी वस्तुएं	2.17	सभी पुरानी वस्तुएं आयात हेतु प्रतिबंधित होंगी उन्हें इस नीति के प्रावधानों,आई टी सी(एच एस) प्रक्रिया पुस्तक (खण्ड-1) सार्वजनिक सूचना या इस संबंध में जारी लाइसेंस/प्रमाण-पत्र/ अनुमति पत्र के अनुसार आयात किया जा सकता है ।
नमूनों का आयात	2.18	नमूनों का आयात प्रक्रिया पुस्तक (खण्ड-1) में उल्लिखित प्रावधानों द्वारा नियंत्रित किए जाएंगे ।
उपहारों का आयात	2.19	इस नीति के अधीन जहां ऐसा माल अन्यथा मुक्त आयातित हो, उपहारों के आयात की अनुमति होगी । अन्य मामलों में सीमाशुल्क निकासी(सी सी पी) की अनुमति डी.जी.एफ.टी. से अपेक्षित होगी।
यात्री के असबाब का आयात	2.20	वास्तविक घरेलू वस्तुएं और निजी सामान को यात्री के निजी सामान के तौर पर आयात किया जा सकता है । ऐसी मदों के नमूने जो अन्यथा इस नीति के अधीन मुक्त रुप से आयात योग्य हैं, का भी लाइसेंस/प्रमाण-पत्र/अनुमति पत्र के बिना वैयक्तिक असबाब के रुप में आयात किया जा सकता है । विदेश से आने वाले निर्यातकों को भी, लाइसेंस/प्रमाण-पत्र/अनुमति पत्र के बिना, अपने वैयक्तिक असबाब के रुप में, उनके पास आए विशिष्ट निर्यात आर्डरों के लिए अपेक्षित ड्राइंग, पैटर्न्स, लैबल्स, प्राइस टैग्स, बटन्स, बैल्टस, ट्रिमिंग और एम्बेलिशमेंटस का आयात करने की अनुमति है ।
निर्यात आधार पर आयात	2.21	नया अथवा पुराना पूंजीगत माल, उपकरण, संघटक, हिस्से एवं उपकरणों, कंट्रेनर जो निर्यात हेतु माल के पैकिंग के लिए हों उनका सीमाशुल्क प्राधिकारियों के साथ विधिक बचनबद्धता/बैंक गारंटी के निष्पादन पर किसी लाइसेंस/प्रमाण पत्र/अनुमति के बिना निर्यात के लिए आयात किया जा सकता है ।

विदेश में मरम्मत की गई वस्तुओं का पुनः आयात

2.22 पूंजीगत माल, उपकरण संघटक अतिरिक्त पूर्जे, एक्सेसरीज चाहे आयातित हो या स्वदेशी, उनकी मरम्मत, परीक्षण गुणवत्ता सुधार या टेक्नोलौजी में सुधार अथवा मानकीकरण के लिए उनको किसी लाइसेंस/प्रमाण पत्र/अनुमति के बिना विदेश भेजा जा सकता है और उनका पुनः आयात किया जा सकता है ।

विदेश में परियोजनाओं के प्रयुक्त सामान का आयात

2.23 विदेश में परियोजनाओं के पूरा हो जाने के बारे परियोजना ठेकेदार पूंजीगत माल सहित प्रयुक्त माल का किसी लाइसेंस/प्रमाण पत्र/अनुमति के बिना आयात कर सकता है, बशर्ते कि इनका कम से कम एक वर्ष तक इस्तेमाल किया गया हो ।

खुले समुद्र में बिक्री

2.24 भारत में आयात हेतु समुद्र में वस्तुओं की बिक्री इस नीति अथवा उस समय प्रभावी किसी अन्य नियम के तहत की जा सकती है ।

लीज फाइनेंसिंग के अधीन आयात

2.25 लीज फाइनेंसिंग के अधीन नई पूंजीगत वस्तुओं के आयात हेतु लाइसेंसिंग प्राधिकारी की अनुमति आवश्यक नहीं है ।

सीमाशुल्क से माल की निकासी

2.26 वह माल जो पहले ही आयातित/शिपड़/पहुंच गया हो लेकिन सीमाशुल्क से उसकी निकासी न हुई हो उस माल को बाद में जारी लाइसेंस/प्रमाण-पत्र/अनुमति के प्रति निकासी की जा सकती है ।

बैंक गारंटी/विधिक वचनबद्धता का निष्पादन

2.27 जहॉ कहीं शुल्क मुक्त आयात की अनुमति है या जहॉ कहीं अन्यथा विनिर्दिष्ट किया गया है, वहॉं आयातक को सीमाशुल्क प्राधिकारी के साथ वस्तुओं की निकासी से पूर्व सीमाशुल्क प्राधिकारी के पास यथानिर्धारित तरीके से एक विधिक वचनबद्धता/बैंक गारंटी का निष्पादन करना होगा । स्वदेशी प्राप्ति पत्र/अनुमति धारक को स्वदेशी आपूर्तिकर्ताओं/ नामजद अधिकारणों से माल प्राप्त करने से पूर्व लाइसेंस प्राधिकारी के पास बैंक गारंटी/विधिक वचनबद्धता को प्रस्तुत करना होगा ।

आयात के लिए निजी बांडेड गोदाम

2.28 राजस्व विभाग द्वारा जारी अधिसूचना की शर्तों के अनुसार घरेलू टैरिफ क्षेत्र में निजी बांडेड गोदाम बनाए जा सकते हैं । कोई भी व्यक्ति निषिद्ध मदों, हथियार और गोला-बारुद तथ खतरनाक अपशिष्टों और रसायनों को छोड़कर किसी भी वस्तु का आयात कर सकता है तथा उन्हें ऐसे निजी/सार्वजनिक बांडेड गोदामों में रख सकता है । ऐसी वस्तुओं को इस नीति के प्रावधानों के अनुसार और जहां कहीं जरुरी हो लाइसेंस के प्रति घरेलू खपत के

लिए जारी किया जा सकता है । ऐसे माल परनिकासी के साथ यथा लागू सीमाशुल्क का भुगतान कियाजाएगा। एक वर्ष की अवधि अथवा बढ़ाई गई अवधि, जिसकी अनुमति सीमाशुल्क प्राधिकारी द्वारा दी जाती है, यदि घरेलू खपत के लिए ऐसी वस्तुओं की निकासी नहीं की जाती तो इनका आयातक इन वसतुओं का पुनः निर्यात का सकता है ।

मुक्त निर्यात 2.29 आयात और निर्यात की आई.टी.सी(एच एस) या इस नीति के किसी अन्य प्रावधान या तत्समय लागू किसी अन्य कानून द्वारा विनियमित न होते हों तो सभी निर्यात बिना किसी प्रतिबंध के कियाजा सकेगा तथापि, महानिदेशक विदेशव्यापार एक सार्वजनिक सूचना के जरिए उन शर्तों को निर्धारित कर सकते हैं जिनके अनुसार आई टी सी(एच एस) में शामिल न की गई किसी वस्तु का लाइसेंस/प्रमाणपत्र/अनुमति के बिना निर्यात किया जा सकता है ।

नमूनों का निर्यात 2.30 नमूनों के निर्यात प्रक्रिया पुस्तक (खण्ड-1) में उल्लिखित प्रावधानों द्वारा नियंत्रित किया जाए ।

यात्री सामान का निर्यात 2.31 बाहर जाने वाले भारतीय यात्रियों के वास्तिवक निजी समान को या तो यात्रियों के साथ ही अथवा यदि साथ न ले जाना हो तो भारत से यात्री के प्रस्थान के पहले या बाद में एक वर्ष के अन्दर ले जाने की अनुमति है । तथापि, आई टी सी (एच एस) में प्रतिबंधित तौर पर उल्लिखित मदों के लिए खाद्य मदों को छोड़कर लाइसेंस/प्रमाणपत्र/अनुमति लेना जरुरी होगा ।

उपहारों नमूनों का निर्यात 2.32 किसी एक लाइसेंसिंग वर्ष में खाद्य मदों सहित 1,00,000/-रुपये तक के मूल्य की वस्तुओं का निर्यात उपहार स्वरुप किया जा सकेगा । तथापि, निर्यात की आई टी सी(एच एस) निषेधात्मक सूची की मदों को खाद्य मदों को छोड़कर उपहार के तौर पर बिना लाइसेंस/प्रमाणपत्र/अनुमति के निर्यात नहीं किया जा सकता ।

अतिरिक्त पुर्जों का निर्यात 2.33 संयंत्र, उपस्कर, मशीनरी, आटोमोबाइल अथवा किसी अन्य माल के स्वदेशी अथवा आयातित वारण्टी अतिरिक्त पुर्जों का निर्यात ऐसे माल की वारण्टी अवधि के भीतर मुख्य उपस्कर के साथ या बाद में उसके निर्यात के कुल जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के 7.5 प्रतिशत तक किया जा सकेगा ।

अन्य पार्टी निर्यात

2.34 नीति के तहत पैरा 9.56 में यथापरिभाषित अनुसार तीसरे पक्ष द्वारा निर्यात की अनुमति होगी ।

आयातित वस्तुओं का निर्यात

2.35 इस नीति के अनुसार आयातित माल का बिना किसी लाइसेंस के उसी रुप में या वास्तव में उसी रुप में निर्यात किया जा सकता है बशर्ते आयात या निर्यात की जाने वाली मद विशेष आयात लाइसेंस या निर्यात की निषेधात्मक सूची के अन्तर्गत आयातित मदों को छोड़कर आई टी सी (एच एस) में आयात की प्रतिबंधात्मक सूची या निर्यात की प्रतिबंधात्मक सूची में शामिल न हो । मुक्त रुप से परिवर्तनीय मुद्रा में भुगतान के प्रति आयातित ऐसी वस्तुओं के निर्यात मुक्त रुप से परिवर्तनीय मुद्रा में भुगतान के प्रति अनुमत होंगे ।

2.36 आई टी सी(एच एस) में निर्यात अथ्वा आयात की प्रतिबंधित मदों के तौर पर उल्लिखित मदों (निषिद्ध मदों को छोड़कर) का आयात सीमाशुल्क बॉण्ड के तहत मुक्त परिवर्तनीय मुद्रा में लाइसेंस/प्रमाणपत्र/अनुमति के बिना किया जा सकता है:-

प्रतिस्थापन माल का निर्यात

2.37 निर्यात करते समय यदि कोई माल या उसके हिस्से दोषपूर्ण/टूटे-फूटे अथवा अन्यथा प्रयोग के अयोग्य पाये जाएं तो उनका प्रतिस्थापन निर्यातक द्वारा निःशुल्क किया जाएगा और इस प्रकार के माल की सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा क्लीयरेंस निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन दी जा सकेगी । प्रतिस्थापन माल निर्यात की निषेधात्मक सूची में नहीं हो ।

मरम्मत किए गए सामान का निर्यात

2.38 निर्यात करते समय कोई माल या उसके हिस्से दोषपूर्ण, टूटे-फूटे या अन्यथा उपयोग के लिए अयोग्य पाये जायें तो मरम्मत के लिए उनका आयात किया जा सकता है और बाद में पुनः निर्यात किया जा सकता है । ऐसे सामान को लाइसेंस/प्रमाणपत्र/अनुमति के बिना और समय-समय पर इस संबंध में जारी सीमाशुल्क अधिसूचना के अनुसार निकासी की अनुमति होगी ।

निर्यात के लिए निजी वाण्डेड गोदाम

2.39 राजस्व विभाग द्वारा जारी अधिसूचनाओं की शर्तों के अनुसार विशेषतया निर्यात के लिए डी टी ए में निजी वाण्डेड गोदाम की स्थापना की जाए । ऐसे गोदाम सीमाशुल्क का भुगतान किए बिना स्वदेशी विनिर्माताओं से माल खरीदने के पात्र होंगे । अधिसूचित गोदामों को स्वदेशी आपूर्तिकर्त्ताओं द्वारा की गई आपूर्ति

को वास्तविक निर्यात माना जाएगा बशर्ते की उसका भुगतान मुक्त विदेशी मुद्रा में किया गया हो ।

निर्यात संविदाओं का कोटि

2.40 सभी निर्यात संविदाओं और बीजकों को मुक्त रुप से परिवर्तनीय मुद्रा के वर्ग में रखा जाएगा और निर्यात प्राप्तियां मुक्त रुप से परिवर्तनीय मुद्रा में वसूल की जाएंगी । जिन संविदाओं के लिए भुगतान एशियन क्लयरिंग यूनियन (ए सी यू) के जरिए किए जाएंगे उन्हें ए सी यू डालर के वर्ग में रखा जाएग । केन्द्रीय सरकार उपयुक्त मामलों में इस पैराग्राफ के प्रावधानों से छूट दे सकती है । एक्जिम बैंक भारत सरकार लाइन ऑफ क्रेडिट के प्रति भारतीय रुपयों में निर्यात ठेके और बीजक किए जा सकते हैं ।

निर्यात प्राप्तियाँ की वसूली

2.41 यदि कोई निर्यातक भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्दिष्ट समय के भीतर निर्यात आय वसूल नहीं कर सकता है तो ऐसी स्थित में, उस समय लागू किसी कानून के अन्तर्गत किसी दायित्व या दण्ड पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, उसके विरुद्ध अधिनियम, नियमों और उसके अंतर्गत किए गए आदेशों के प्रावधानों और नीति के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की जा सकेगी ।

निर्यात वस्तुओं की मुक्त आवाजाही

2.42 किसी भी केन्द्र सरकार/राज्य सरकार के अभिकरण द्वारा निर्यात हेतु अनुमत मदों के कनसाइनमैंट को किसी कारण रोका/निलम्बित नहीं किया जाएगा । किसी भी संदेह की स्थिति में संबंधित प्राधिकारी, निर्यातक से वचनबद्धता मांग सकता है ।

निर्यात संवर्धन परिषद

2.43 निर्यात संवर्धन परिसदों का मूल उद्देश्य देश के निर्यात को बढ़ावा देना और उसमें वृद्धि करना है । प्रत्येक परिषद विशेष वर्ग के उत्पाद परियोजनाओं और सेवाओं के संवर्धन के लिए जिम्मेदार है। निर्यात संवर्धन परिषदों की सूची तथा उनका मुख्य कार्य प्रक्रिया पुस्तक (खण्ड-1) में दी गई है ।

पंजीकरण सह सदस्यता प्रमाणपत्र

2.44 कोई भी व्यक्ति जो आयात निर्यात के लिए (1) लाइसेंस/प्रमाण पत्र/अनुमति आई टी सी(एच एस) में सूचीबद्ध मदों के अतिरिक्त (2) या इस नीति के अन्तर्गत किसी अन्य लाभ के लिए आवेदन करता है तो उसको प्रक्रिया पुस्तक (खण्ड-1) के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी पंजीकरण एवं सदस्यता प्रमाण-पत्र देना होगा अगर उसको अन्यथा इस सम्बन्ध में छूट दी गई है ।

अध्याय - तीन

संवर्धनात्मक उपाय

राज्यों को केन्द्रीय सहायता

3.1 पैरा 1.5 में उल्लिखित पद्धति के अनुसार राज्य सरकारों को निर्यात को प्रोत्साहन देने के लिए पूरा योगदान देते हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा । इस उद्देश्य हेतु वाणिज्य विभाग के वार्षिक योजना में उपयुक्त प्रावधान किए जाएगें ताकि दोहरे मानदण्ड के अनुसार सकल निर्यात विभिन्न राज्यों से निर्यात के विकास की दर को आवंटित किया जा सके । राज्य इस राशि को प्राथमिक मूल ढाचे के विकास हेतु उपयोग करेगा जैसे कि उत्पादन केन्द्रों को पत्तनों के साथ जोड़ने के लिए सड़के बनाना और इनलैण्ड कन्टेनर डिपो और कन्टेनर फ्रेट स्टेशन्स को स्थापित करना, नये राज्य स्तर के निर्यात संवर्धन औद्योगिक पार्कों/जोनों के संरचना और मौजूदा जोनों में समन्वय सुविधाओं को बढ़ाना, मूलभूत ढ़ाँचे की परियोजनाओं में इक्विटी भागीदारी तथा विदेश व्यापार महानिदेशालय द्वारा समय-समय पर यथांअधिसूचित किन्हीं अन्य गतिविधियों में भाग लेना ।

बाजार पहुंचने में पहल

3.2 इस योजना के तहत निर्यात संवर्धन परिषदों, औद्योगिक और व्यापार एसोसियेसनों को और निम्नलिखित उद्देश्यों हेतु इस संबंध में प्राप्त प्रस्तावों के प्रतिस्थपार्धात्मक गुण दोषों के आधार पर समय-समय पर यथाअधिसूचित अन्य पात्र हस्तियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध होगी :-

1) देशी उत्पाद को प्रदर्शित करने वाले दृष्टिकोण के आधार पर किए गए विपणन अध्ययन

2) विपणन अध्ययनों के आधार पर चिह्नित केन्द्रों में शोरुमों और गोदाम व्यवस्था को स्थापित करना ।

3) अन्तर्राष्ट्रीय डिपार्टमेंटल स्टोरों में भागीदारी

4) चुनिन्दा बाजारों में चिहिन्त उत्पादों को पेश करने हेतु प्रचार मुहिम

5) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेले, सेमिनारों, क्रेताओं विक्रेताओं के सम्मेलनों में भागीदारी

6) चुनिंदा ब्राण्डों का उन्नयन ।

7) चुनिंदा कृषि उत्पादों हेतु यातायात सब्सिडी

8) भेषजीय, जैव प्रोद्योगिकी और कृषि रसायनों हेतु विदेश में उत्पाद पंजीकरण के लिए पंजीकरण प्रभार तथा इंजीनियरिंग उत्पादों के लिए परीक्षण प्रभार ।

9) उत्तर पूर्व, सिक्किम और जम्मू कश्मीर के यूनिटों हेतु इनलैण्ड भाड़ा सब्सिडी ।

10) भारतीय निर्यातकों/व्यापारियों के दौरे के लिए विदेश में भारतीय दूतावासों में "वाणिज्य केन्द्र" स्थापित करना ।

उत्कृष्ठ निर्यात के शहर

3.3 कुछ विशिष्ट भौगोलिक स्थलों के अनेक शहर अच्छे खासे औद्योगिक कलस्टर के रुप में उभरे हैं जहाँ भारत का उत्तम निर्यात होता है । इन औद्योगिक कलस्टरों मुक्त बाजार रुख की दिशा में ऐतिहासिक स्थल बन गए हैं और प्रतिस्पर्धात्मकता की आम समस्याओं का सामूहिक समाधान करते हैं । कुछ विश्व में ख्याति प्राप्त विनिर्माण कलस्टर बन गए हैं । इन औद्योगिक कलस्टर मदों को मान्यता देना आवश्यक हो गया है ताकि उनके निर्यात प्रोफाइल को अधिकत्तम किया जा सके और उच्च मूल्य बाजार में जाने के लिए उनका दर्जा बढ़ाने में सहायता हो सके । ऐसे अनेक औद्योगिक समूहों वाले शहर, अपने उत्पादों का बउ हिस्सा निर्यात कर रहे हैं तो विश्व स्तरका है उदाहरण के लिए त्रिरुपुर, ऊनी कम्बल के लिए पानीपत, ऊनी कपड़ों के लिए लुधियाना जैसे औद्योगिक कलस्टर वाले शहर के रुप में माने जाने की शुरुआत की गई है । जो निम्नलिखित लाभों के हकदार होंगे:-

इन क्षेत्रों के सामान्य सेवा प्रदायक ई.पी.सी.जी. स्कीम की सुविधा हेतु हकदार होंगे । यूनिटों की मान्यता प्राप्त एशोसियेशन फोकस्ड तकनीकी सेवाओं के निर्माण हेतु पैराग्राफ 3.2 की बाजार पहुंच पहल स्कीम के अन्तर्गत धन प्राप्त करने में समर्थ होंगी । इसके अलावा ऐसे क्षेत्र पैरा 3.1 में उल्लिखित राज्यों को केन्द्रीय सहायता की स्कीम से चिन्हित महत्वपूर्ण मूलभूत सुविधाओं हेतु

सहायता, प्राथमिकता आधार पर प्राप्त करेंगे । अधिसूचित क्षेत्रों की ये यूनिटें अपनी इच्छा अनुसार सभी एग्जिम नीति स्कीमों का लाभ उठा सकती हैं और इन स्कीमों के प्रावधान कुछ सीमा तक छूट प्राप्त होंगे जहाँ तक इन यूनिटों के बारे में इस पैरे में व्यवस्था की गई है ।

कुटीर और हस्तशिल्प क्षेत्र पर विशेष ध्यान

3.4 लघु उद्योग क्षेत्र और कुटीर व हस्तशिल्प क्षेत्र देश के कुल निर्यात में आधे से अधिक योगदान दे रहा है । कुटीर और हस्तशिल्प क्षेत्र जो अधिकांशतः कारीगर और ग्रामीण लोगों को रोजगार देता है इस प्रयास में महत्पूर्ण योगदार देता है । इस क्षेत्र के निर्यात निष्पादन की मान्यता हेतु तथा अपनी प्रतिस्प्रधात्मका बढ़ाने के लिए इस क्षेत्र को निम्नलिखित सुविधाएं प्रदान की जाएगें :-

1. इस क्षेत्र की यूनिट, इस नीति के पैरा 3.2 में उक्त बाजार पहुंच पहले स्कीम से धुन प्राप्त करने हेतु पात्र होगी । इस क्षेत्र हेतु धनराशियों को बाजार पहुंच पहल स्कीम में निर्धारित किया जाएंगा । अन्य गतिविधियों के साथ-साथ पूर्ण प्रदर्शनी हेतु अपनी वैवसाइट विकसित करने के लिए धन का उपयोग किया जाएगा ।

2. ई.पी.सी.जी. स्कीम के अन्तर्गत इस नीति के पैरा 5.5(2) में यथाउल्लिखित निर्यातों के औसत स्तर को बनाए रखना इन यूनिटों के लिए आवश्यक नहीं होगा ।

3. ये यूनिटें इस नीति के पैरा 3.7.2 के अनुसार विगत 3 लाइसेंसिंग वर्षों के दौरान 5 करोड़ रुपये के निम्न औसत निर्यात निष्पादन प्राप्त करने पर निर्यात सदन स्तर के लाभ के लिए हकदार होंगे, और

4. हस्तशिल्प क्षेत्र की यूनिटें, अपने निर्यात के पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के तीन प्रतिशत तक विनिर्दिष्ट मदों के शुल्क मुक्त आयात हेतु हकदार होंगी ।

कृर्षि निर्यात क्षेत्र (ए ई जेड)

3.5.1 देश से कृषि निर्यात को बढ़ावा देने और निरन्तर रुपसे कृषक समुदाय को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से भौगोलिक दृष्टि से निकतम क्षेत्र से विशिष्ट उत्पादों के सम्पूर्ण विकास हेतु कृर्षि निर्यात जोन स्थापित किए जाएं ।

3.5.2 कृषि निर्यात जोन का राज्य सरकार द्वारा पत्ता लगाया जाएगा, जो इन जोनों में शीघ्र सुपुर्दगी के लिए सभी राज्य सरकारी एजेंन्सियों, राज्य कृर्षि विश्वविद्यालयों और केन्द्र सरकार के सभी संस्थानों और एजेंन्सियों द्वारा सेवाएं प्रदान करने के लिए व्यापक पैकेज तैयार करेगी ।

3.5.3 इन सेवाओं में बढ़िया निवेशों/पूर्व पश्च कटाई ट्रीटमेंट और कार्यों, पार संरक्षण, संसाधन, पैकेजिंग, स्टोरेज और अनुसंघान और विकास आदि को शामिल किया जाएगा । इन निर्यातों की सुगमता हेतु राज्य सरकारों क प्रयासों को एपीड़ा अपनी स्कीमों और प्रबंधों को प्रदान करेगी ।

3.5.4 कृर्षि निर्यात जोन के यूनिट संबंधित योजनाओं के अनुसार वस्तुओं के निर्यात के लिए उपलब्ध सभी सुविधाएं पाने के पात्र होंगे ।

ब्रांड संवर्धन तथा गुणवत्ता

3.6.1 भारत सरकार की नीति यह है कि वह विनिर्माताओं और निर्यातकों को इस बात के लिए प्रोत्साहित करें कि वे अपने-अपने उत्पादों के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत गुणवत्ता के मानदण्डों को प्राप्त करें। केन्द्रीय सरकार गुणवत्ता जागरूकता पर एक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम बनाने और कुल गुणवत्ता प्रबंध के विचार को बढ़ावा देने के लिए उद्योग और व्यापार संस्थाओं को समर्थन और सहायता प्रदान करेगी।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम

3.6.2 केन्द्रीय सरकार,राज्य सरकारों को अपने-अपने राज्य में,विशेषकर छोटे पैमाने और हस्तशिल्प क्षेत्रों में इसी तरह के कार्यक्रम आरंभ करने के लिए प्रोत्साहन प्रदान करेगी।

परीक्षण गृह

3.6.3 केन्द्रीय सरकार परीक्षण गृहों और प्रयोगशालाओं को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के बराबर के स्तर का बनाने के लिए उनके आधनिकीकरण और उन्नयन में सहायता करेगी ।

गुणवत्ता संबंधी शिकायतें/विवाद

3.6.4 विदेशी क्रेताओं से प्राप्त हुई गुणवत्ता संबंधी शिकायतों की जांच विदेश व्यापार महानिदेशालय के क्षेत्रीय कार्यालयों में गठित गुणवत्ता शिकायतों हेतु क्षेत्रीय उप-समिति द्वारा की जाएगी। गुणवत्ता संबंधी शिकायतों के निवारण हेतु मार्ग निर्देश, विशेषतः और ऐसी अन्य शिकायतों के संबंध में, सामान्यतः, प्रक्रिया पुस्तक (खण्ड-1) के परिशिष्ट-37 में दिए गए हैं ।

3.6.5 यदि विदेश व्यापार महानिदेशक की जानकारी में यह बात आ जाती है अथवा उन्हें यह विश्वास हो जाता है कि कोई निर्यात अथवा आयात इस तरीके से किया गया है, जो (1) किसी विदेश के साथ भारत के व्यापार संबंधों; (2) निर्यात अथवा आयात में कार्यरत अन्य व्यक्तियों के हितों के प्रति हानिकर हो ; (3) जिससे देश की बदनामी हुई हो अथवा उसके माल की प्रतिष्ठा घटी हो, तो ऐसी स्थिति में विदेश व्यापार महानिदेशक संबंधित निर्यातक अथवा आयतक के विरूद्ध अधिनियम, इसके अधीन बने नियमों तथा आदेशों और इस नीति के उपबंधों के अनुसार कार्यवाही कर सकते।

स्तर प्रमाणपत्र

3.7.1 व्यापारी और विनिर्माता निर्यातक, सेवा प्रदायक, निर्यातोन्मुखी एकक (ई ओ यू)/निर्यात संसाधन जौन (ई पी जेड)/विशेष आर्थिक जौन (एस ई जेड)/कृषि निर्यात जौन (ई पी जेड)/इलैक्ट्रानिक हार्डवेयर तकनॉलॉजी पार्क (ई एच टी 'पी)/साफ्वेयर तक्नालॉजी पार्क (एस टी पी) में स्थित हैं, वे ऐसी मान्यता के हकदार हैं ।

निर्यात निष्पादन स्तर

3.7.2 आवेदक को निर्धारित औसत निर्यात निष्पादन स्तर प्राप्त करने की अपेक्षा है ।

श्रेणी	पिछले तीन लाइसेंसिंग वर्षों के दौरान औसत (एफ ओ आर)/एफ ओ आर (रुपयों में)
निर्यात सदन	15 करोड़
व्यापार सदन	100 करोड़
स्टार व्यापार सदन	500 करोड़
सुपर स्टार व्यापार सदन	2000 करोड़

टिप्पणी :-

1. लघु उद्योग/अति लघु क्षेत्र/कुटीर क्षेत्र के यूनिट/के वी आई सी या के वी आई बी के साथ पंजीकृत यूनिट/पूर्वोत्तर राज्यों, सिक्किम ओर जम्मू एवं कश्मीर में स्थित यूनिट/हस्तकरघा, हस्त शिल्प, हाथ से बुना कालीन, रेशम के कालीन निर्यात करने वाले यूनिट तथा "स्वर्ण स्तर" वाले निर्यातक पिछले तीन लाइसेंसिंग वर्षों के दौरान औसत पोत पर्यन्त निशुल्क मूल्य/रेल पर्यन्त निःशुल्क मूल्य 5 करोड़ रुपये होने पवर निर्यात सदन स्तर के लिए हकदार हो जाएगा । निर्यात सदन स्तर प्राप्त करने के लिए यही प्रारम्भिक सीमा सेवा निर्यातकों और कृषि निर्यातकों (आनाज से अन्य) पर लागू होगी ।

2. मान्यता के प्रयोजन के लिए पुनः निर्यात आधार पर किया गया निर्यात नहीं गिना जाएगा ।

3. मान्यता के प्रयोजन के लिए किसी लिमिटेड कम्पनी की सहायक कम्पनी द्वारा किये गये निर्यात को लिमिटेड कम्पनी के निर्यात निष्पादन में गिना जाएगा । इस प्रयोजन के लिए कम्पनी के अपनी सहायक कम्पनी में अधिकतर शेयर होने चाहिए ।

स्तरधारकों हेतु विशेष नीतिगत पैकेज	3.7.2.1	स्तरधारक निम्नलिखित नई/विशेष सुविधाओं हेतु हकदार होंगे :- 1) पूर्णतः बेतरतीब आधार पर जांच के मद्दे स्व-घोषणा आधार पर आयात और निर्यात दोनों के लिए लाइसेंस/ प्रमाणपत्र/अनुमति और सीमाशुल्क निकासी । 2) तरजीह पर निवेश-उत्पादन मानदण्डों का निर्धारण 3) भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अधिसूचित शर्तों के अनुसार मध्यम और दीर्घ कालीन पूंजीगत आवश्यकता हेतु प्राथमिकता-वित्त पोषण । 4) बैकों के माध्यम से दस्तावेजों के अनिवार्य मोल-तोल से छूट, बैकिंग चैनलों से रुपया भेजना जारी रहेगा । 5) ई ई एफ सी खाते में विदेशी मुद्रा का 100 प्रतिशत रखना होगा, 6) प्रत्यावर्तन अवधि को 80 दिन से 360 दिन तक करना ।

वैधता अवधि	3.7.3	1.4.2002 को या उसके बादजारी अथवा नवीकृत सभी स्तर प्रमाणपत्र लाइसेंसिंग वर्ष के 1 अप्रैल से वैध होंगे । इस अवधि के दौरान आवेदक जब तक अन्य विनिदिष्ट न हो 31.3.2007 तक ऐसी मान्यता की मंजूरी कि लिए आवेदन कर सकता है । ऐसे प्रमाणपत्र की समाप्ति पर प्रक्रिया पुस्तक (खण्ड-1) में यथा-निर्धारित अवधि के भीतर स्तर प्रमाणपत्र के नवीकरण के लिए आवेदन देना आवश्यक होगा । उक्त अवधि के दौरान स्तर-धारक

		आम सुविधाओं और लाभों के लिए दावा करने का हकदार होता है।
अंतवर्ती व्यवस्था	3.7.4	31 मार्च, 2002 को समाप्त होने वाले स्तर प्रमाणपत्रों की तारीख को 31 मार्च, 2003 तक बढ़ा दिया गया माना जाएगा । तथापि वर्ष 2003-04 के लिए नवीकरण की मंजूरी नीति में निर्धारित प्रारम्भिक सीमा के 75 प्रतिशत प्राप्त करने पर ही दी जाएगी । फिर भी नया स्तर प्रमाण-पत्र, नीति में निर्धारित प्रारम्भिक सीमा प्राप्त करने पर मंजूर किया जाएगा ।

अध्याय - चार

शुल्क मुक्त/वापसी स्कीम

शुल्क मुक्त/ वापसी स्कीम

4.1 शुल्क मुक्त स्कीम के अन्तर्गत निर्यात उत्पाद के लिए आवश्यक निविष्टियों का पहले आयात किया जाता है। शुल्क वापसी स्कीम के अन्तर्गत निर्यात उत्पाद में प्रयुक्त निविष्टियों पर लगे शुल्क की निर्यात के पश्चातछूट/वापसी की जाती है । डी एफ आर सी में (क) डी एफ आर सी और (ख) डी ई पी बी शामिल हैं । स्कीम निर्यात उत्पाद में प्रयुक्त निवेशों पर आयात प्रभारों की वापसी की अनुमति देती है (अपशिष्ट हेतु सामान्य अनुमति देते हुए) ।

अग्रिम लाइसेंस

4.1.1 निर्यात उत्पाद अपशिष्ट के लिए सामान्य अनुमति देते हुए वास्तव में शामिल की जाने वाली निविष्टियों के आयात की अनुमति देने के लिए शुल्क मुक्त स्कीम के अन्तर्गत अग्रिम लाइसेंस प्रदान किया जाता है। इसके अलावा, ईंधन, तेल,ऊर्जा, कैटालिस्ट आदि जिनकी खपत निर्यात उत्पाद के लिए उपयोग की जाती है, जारी किया जा सकता है :-

(क) वास्तविक निर्यात :- निर्यात उत्पाद हेतु आवश्यक निवेशों के आयात हेतु सहायक विनिर्माता से बंधे विनिर्माता निर्यातक अथवा व्यापारी निर्यातक को वास्तविक निर्यातों हेतु अग्रिम लाइसेंस जारी किया जा सकता है ।

(ख) अन्तरवर्ती आपूर्ति :- अन्य अग्रिम लाइसेंसधारक अंतिम मूल निर्यातक/ मान्य निर्यातक को आपूर्ति की जाने वाली वस्तुओं के लिए अग्रिम के विनिर्माण में आवश्यक निविष्टियों के आयात के लिए विनिर्माता-निर्यातक लाइसेंस को अन्तरवर्ती आपूर्ति हेतु अग्रिम लाइसेंस जारी किया जा सकता है ।

(ग) मान्य निर्यात :- नीति के पैरा 8.2 (ख), (ग), (घ), (ड.), (च), (छ) और और (ज) में उल्लिखित वर्गों को आपूर्ति की जाने वाली वस्तुओं के विनिर्माण में आवययक निविष्टियों को आयात हेतु मुख्य ठेकेदार को मान्य निर्यात के लिए अग्रिम लाइसेंस जारी किया जा सकता है ।

इसके अलावा, नीति के पैरा 8.2 (घ), (ड.), (च), (छ) और (ज) में उल्लिखित विनिर्दिष्ट परियोजनाओं को वस्तुओं की आपूर्ति के संबंध में ऐसी परियोजना के मुख्य ठेकेदार के उप-ठेकेदार द्वारामान्य निर्यात के लिए भी अग्रिम लाइससेंस का लाभ उठाया जा सकता है । संयुक्त राष्ट्र

संघ अथवा संयुक्त राष्ट्र संघ के सहायता कार्य क्रम के अन्तर्गत अन्य बहुपक्षीय अभिकरणों को की जाने वाली आपूर्तियों और विदेशी मुद्रा में किए गए भुगतान के लिए भी मान्य निर्यात हेतु ऐसा लाइसेंस जारी किया जा सकता है ।

4.1.2 वास्तविक प्रयोक्ता शर्त के मद्दे पैरा 4.1.1 में यथानिर्धारित निवेशों के शुल्क मुक्त आयात हेतु अग्रिम लाइसेंस जारी किया जाता है । ऐसे लाइसेंस (मान्य निर्यातों हेतु अग्रिम लाइसेंस के अलावा) मूल सीमाशुल्क, अतिरिक्त सीमाशुल्क, एंटीडम्पिंग शुल्क, और सुरक्षा शुल्क, यदि कोई हो, से छूट प्राप्त होंगे । तथापि, मान्य निर्यात हेतु अग्रिम लाइसेंस केवल मूल सीमाशुल्क और अतिरिक्त सीमाशुल्क से छूट प्राप्त रहेगा ।

4.1.3 ऐसे प्रमाणपत्र और/अथवा उनके तहत आयातित माल निर्यात दायित्व की पूर्ति के बाद भी हस्तान्तरणीय नहीं होंगे ।

4.1.4 सकारात्मक मूल्य संवर्धन के साथ अग्रिम लाइसेंस (मान्य निर्यातों और अन्तरवर्ती आपूर्ति हेतु अग्रिम लाइसेंस) जारी किया जा सकता है । तथापि, ऐसा निर्यात प्रक्रिया पुस्तक (खण्ड-1) के परिशिष्ट-32 में यथानिर्दिष्ट मूल्य संवर्धन के अधीन होगा ।

4.1.5 प्रमाणपत्र को जारी करने की तारीख को प्रभावी प्रक्रिया और नीति के अनुसार अग्रिम लाइसेंस जारी किया जाएगा जो यथानिर्दिष्ट समयबद्ध निर्यात दायित्व की मूर्ति के प्रति प्रमाणपत्र को जारी करने की तारीख को प्रभावी होगा ।

4.1.6 अग्रिम लाइसेंस की सुविधा वहाँ भी उपलब्ध होगी जहाँ निर्यातक को कुछ निवेशों की निशुल्क आपूर्ति की जाती है । ऐसे मामलों में, मूल्य संवर्धन की गणना हेतु, निशुल्क निवेशों के नोशनल मूल्य के साथ अन्य शुल्क मुक्त निवेशों को भी ध्यान में रखा जाएगा ।

निर्यात दायित्व

4.1.7 अग्रिम लाइसेंस के अधीन निर्यात दायित्व को पूरा करने की अवधि जो प्रक्रिया पुस्तक भाग-1 में उल्लिखित अनुसार होंगी।

अग्रिम रिलीज आदेश

4.1.8 अग्रिम लाइसेंसधारक (अन्तर्वर्ती आपूर्तिकर्त्ता के लिए अग्रिम लाइसेंस को छोडकर और डी एफ आर सी धारक जो सीधे आयात के बदलने स्वदेशी स्त्रोंतों से सरणीबद्ध अभिकरणों/ ई ओ यू/ ई पी जैड/ ई एच टी पी/ एस. टी. पी. एस. ई. जैड यूनिटों से निविष्टियां प्राप्त करना

चाहता है तो उसे उन निविष्टियों को अग्रिम रिलीज आदेशों के प्रति विदेशी मुद्रा/भारतीय रूपए में प्राप्त करने का विकल्प होगा। ऐसी मामले में लाइसेंस सीधे आयात के लिए अमान्य हो जाएगा तथा अग्रिम रिलीज आदेश जारी किया जाएगा जिसमें आपूर्तिकर्त्ता मान्य निर्यात का हकदार हो जाएगा । डी एफ आर सी का लाइसेंस का स्थानान्तरणकर्ता भी ए. आर. ओ. सुविधा हेतु पात्र होगा ।

बैंक टू बैंक ऋण का अन्तर्देशीय-पत्र

4.1.9 अग्रिम लाइसेंसधारक(अग्रिम अन्तरवर्ती आपूर्ति हेतु अग्रिम लाइसेंसधारक के अलावा) और डी एफ आर सी धारक अग्रिम रिलीज आदेश के लिए आवेदन करने के बजाय पुस्तक (खण्ड-1) में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार बैंक टू बैंक अन्तर्देशीय साख पत्र का लाभ उठा सकता है ।

निषिद्ध मदें

4.1.10 इस स्कीम के अन्तर्गत जारी लाइसेंसों के तहत आई टी सी एच एस में उल्लिखित आयातों का निषिद्ध मदों का आयात नहीं किया जाएगा ।

निर्यात नीति का अनुपालन

4.1.11 पूर्व आयात शर्त के साथ वास्तविक निर्यात हेतु जारी किए गए अग्रिम लाइसेंस के अन्तर्गत विशेष निर्यात लाइसेंस के बिना आई टी सी एच एस में उल्लिखित निर्यातों का प्रतिबंधित वस्तुओं का निर्यात किया जा सकता है । ऐसे मामलों में, लाइसेंसधारक को स्वदेशी निवेशों के प्रयोग की अनुमति नहीं होगी तथा निर्यात उत्पाद को केवल अग्रिम लाइसेंस के अन्तर्गत आयातित निवेशों में से विनिर्मित किया जाएगा

शुल्क अप्रमाणीकरण स्कीम के अन्तर्गत निर्यातित वस्तुओं का पुनःआयात

4.1.12 अग्रिम लाइसेंस/शुल्क मुक्त प्रतिपूर्ति प्रमाणपत्र/डी ई पी बी के अन्तर्गत निर्यातित वस्तुओं को राजस्व विभाग द्वारा समय-समय पर विनिर्दिष्ट शर्तों के मद्दे निर्यातित मात्रा के बड़े हिस्से को पुनः आयात किया जा सकता है ।

शुल्क वापसी की स्वीकार्यता

4.1.13 अग्रिम लाइसेंस अन्तरवर्ती आपूर्तियों के अलावा निर्यात वस्तुओं में प्रयुक्त कोई भी शुल्क प्रस्त सामग्री वित्त मंत्रालय (शुल्क वापसी निदेशालय) द्वारा निर्धारित शुल्क वापसी दर के अनुसार शुल्क वापसी उपलब्ध होगी । तथापि, डी ई ई सी में यथाउल्लिखित शुल्क प्रदत्त सामग्रियों को ही शुल्क वापसी दी जाएगी ।

मूल्य परिवर्धन

4.1.14 इस अध्याय के प्रयोजन के लिए मूल्य परिवर्धन निम्नानुसार होगाः

$$\text{वी ए} = \frac{\text{ए बी}}{\text{बी}} \times 100, \text{ जहाँ}$$

वी ए मूल्य परिवर्धन है

शुल्क मुक्त प्रतिपूर्ति प्रमाणपत्र (डी एफ आर सी)

4.2 वस्तुओं के विनिर्माण में प्रयुक्त निविष्टियों के आयात के लिए व्यापारी-निर्यातक अथवा विनिर्माता-निर्यातक अथवा विनिर्माता-निर्याति मूल सीमाशुल्क, अधिभार और विशेष अतिरिक्त शुल्क का भुगतान किए बिना शुल्क मुक्त प्रतिपूर्ति प्रमाणपत्र जारी किया जाता है । तथापि, ऐसे आयात, आयात के समय उत्पाद शुल्क के बराबर अतिरिक्त सीमाशुल्क के भुगतान के मद्दे किए जाऐगे ।

4.2.1 शुल्क मुक्त प्रतिपूर्ति प्रमाणपत्र 33 प्रतिशत न्यूनतम मूल्य संवर्धन के मद्दे होगा ।

4.2.2 उस निर्यात के लिए शुल्क मुक्त प्रतिपूर्ति प्रमाण-पत्र जारी किया जा सकता है जिसके लिए भुगतान अपरिवर्तनीय मुद्रा में प्राप्त किया गया हो । तथापि,ऐसा निर्यात प्रक्रिया पुस्तक (खण्ड-1) के परिशिष्ट-32 में यथानिर्दिष्ट मूल्य संवर्धन के अधीन होगा ।

4.2.3 विदेश व्यापार महानिदेशालय द्वारा यथाअधिसूचित सिओनस के अन्तर्गत शामिल केवल निर्यात उत्पादों के संबंध में शुल्क मुक्त प्रतिपूर्ति प्रमाणपत्र जारी किए जाएंगे । तथापि सिओनस जो वास्तविक प्रयोक्ता की शर्त के अधीन है या जहाँ आयात की पूर्व शर्त सहित निविष्टि की अनुमति है । या जहाँ प्रक्रिया पुस्तक खण्ड-2 के मानदण्ड में एसेटिक एनहाइड्राइड, एफेड्रीन और सेयुडो एफेड्रीन के आयात की अनुमति है के संबंध में डी एफ आर सी स्थानांतरित नहीं किया जाएगा ।

4.2.4 सिओन के अनुसार निविष्टियों के आयात के लिए शुल्क मुक्त प्रतिपूर्ति प्रमाणपत्र जारी किए जाएंगे जिनकी गुणवत्ता, तकनीकी विशिष्टताएं और विशेष विवरण वही होंगे जो अंतिम उत्पादप्रयुक्त किए गए हों तथा शिपिंग बिलों में उल्लिखित हों । ऐसे लाइसेंसों की वैधता 18 महीने होगी'। डी. एफ. आर. सी. और / या इसके मद्दे आयातित सामग्री मुक्त रुप से स्थानान्तरित की जाएगी ।

4.2.5 निर्यात उत्पाद, जो परिवर्तित वैट के लिए पात्र हैं, सेनवेट ऋण के लिए पात्र होंगे । तथापि, स्कीम के अन्तर्गत गैर-उत्पाद शुल्क योग्य, गैर-केन्द्रीय वैट योग्य उत्पाद के समय अदा किए गए अतिरिक्त सीमाशुल्क के बदले में निर्यात के समय शुल्क वापसी के पात्र होंगे ।

4.2.6 **शुल्क वापसी निदेशालय वित्त मंत्रालय द्वारा निर्धारित अखिल उद्योग ब्रांड दर के अनुसार निर्यात उत्पाद में प्रयुक्त किसी भी सामग्री जिसपर शुल्क अदा किया गया हो चाहे आयातित हो अथवा स्वदेशी, के संबंध में** निर्यातक **शुल्क वापसी लाभों के लिए पात्र होंगे । तथापि, शुल्क वापसी उन सामग्रियों पर दी जाएगी जिन पर शुल्क दिया गया हो और सिओन के अन्तर्गत न आती हों ।**

पुनः निर्यात के लिए जाबिंग मरम्मत आदि

4.2.7 **राजस्व विभाग द्वारा समय-समय पर जारी की गयी अधिसूचना के अनुसार जो माल आई टी सी (एच एस) में प्रतिबंधित रूप में उल्लिखित है लेकिन पैराग्राफ 4.1.1 में निःशुल्क आपूर्ति की शर्तों पर निषिद्ध मद नहीं है जाबिंग प्रयोजन के लिए उसका लाइसेंस के बिना आयात के अनुमति दी जा सकती है ।**

शुल्क पात्रता पास बुक स्कीम

4.3 लाइसेंसिंग रूट के माध्यम से न जाने के इच्छुक निर्यातकों के लिए डी ई पी बी के तहत वैकल्पिक सुविधा दी जाती है । शुल्क छूट पासबुक स्कीम का उद्देश्य है निर्यात उत्पाद के आयात अंश पर लागू मूल सीमाशुल्क को अप्रभावी करना । निर्यात उत्पाद के अधीन शुल्क ऋण को प्रदान करने के माध्यम से अप्रभावीकरण की व्यवस्था की जाएगी ।

4.3.1 शुल्क वापसी ऋण प्रमाणपत्र डी ई पी बी के अधीन निर्यातक अपनी ऋण की पात्रता के कारण मुक्त परिवर्तनीय मुद्रा में किए गए निर्यात के पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य की विनिर्दिष्ट प्रतिशता का दावा करने का पात्र होगा । कच्चे माल, अन्तरवर्तियों, संघटकों, कलपूर्जों, पैकेजिंग सामग्री आदि के आयात हेतु क्रेडिट ऐसे उत्पादों और दर के लिए उपलब्ध होगा जो इस सम्बन्ध में विदेश व्यापार महानिदेशालय उल्लिखित दरों पर उपलब्ध होगा जो कि सार्वजनिक सूचना के द्वारा अधिसूचित किया जाएगा, विनिर्दिष्ट किए गए हों ।

4.3.2 डी ई पी बी धारक के पास अतिरिक्त सीमाशुल्क का भुगतान नकद करने का विकल्प होगा ।

वैधता

4.3.3 डी ई पी बी, इसके जारी होने की तारीख से 12 माह की अवधि के लिए वैध होगा ।

हस्तांतरणीयता 4.3.4 निर्यातोपरान्त आधार पर डी ई पी बी और/ अथवा इसके प्रति आयातित मद्दे मुक्त हस्तांतरणीय हैं । तथापि, आयात के लिए डी ई पी बी का हस्तांतरण डी ई पी बी में होगा जो विनिर्दिष्ट पत्तन पर वह पत्तन होगा जहाँ से निर्यात किया गया है। तथापि, अन्य पत्तन से आयातों को राजस्व विभाग द्वारा जारी की गई टी आर ए अधिसूचना की शर्तों के अनुसार अनुमति दी जाएगी ।

शुल्क वापसी उपयुक्तता 4.3.5 डी. ई. पी. बी. के अधीन किए गए निर्यात शुल्क वापसी के लिए का लागू होना हकदार नहीं होगें । डी. ई. पी. बी अधीन निविष्टियों पर नकद अदा किया गया अतिरिक्त सीमाशुल्क राजस्व विभाग द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसार सेनेवैट मोडवैट क्रेडिट या शुल्क वापरी के रूप में समायोजित किया जाएगा । तथापि, जहां अतिरिक्त सीमा-शुल्क को डी ई पी बी प्रमाणपत्र से समायोजित किया गया हो, सेनवैट/ शुल्क वापसी का लाभ अनुमत नहीं होगा ।

रत्न और आभूषण के लिए योजनाएं 4.4 रत्न और आभूषण निर्यातक इस संबंध में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया अनुसार लाइसेंसिंग प्राधिकारी से प्रतिपूर्ति लाइसेंस (आर ई पी) हीरा अग्रदाय लाइसेंस प्राप्त करके अपने निवेशों का आयात कर सकते हैं ।

प्रतिपूर्ति लाइसेंस 4.4.1 प्रक्रिया पुस्तक (खण्ड-1) के परिशिष्ट 26 में सूचीबद्ध रत्न और आभूषण उत्पादों के निर्यातक, अपने निवेशों के आयात और प्रतिपूर्ति के लिए उक्त परिशिष्ट में उल्लिखित दर पर और उसमें दी गई मदों के लिए, प्रतिपूर्ति लाइसेंस प्रदान किए जाने के पात्र होंगे । हीरा अग्रदाय लाइसेंसों के प्रति निर्यात दायित्व को पूरा करने के लिए किया गया निर्यात इस लाभ के लिए पात्र नहीं होगा । प्रतिपूर्ति लाइसेंस, प्रक्रिया पुस्तक (खण्ड-1) के पैराग्राफ 4.80 में उल्लिखित विवरण के अनुसार सादे /जटित आभूषणों हेतु अथवा उपभोज्यों के आयात के लिए भी जारी किया जा सकता है ।

प्रमाणन ग्रेडिंग के लिए कटे हुए और पॉलिश किए हीरों का निर्यात 4.4.2 कम से कम तीन वर्षों का निर्यात अनुभव रखने वाले और पिछले तीन लाइसेंसिंग वर्षों के दौरान 5 करोड़ रुपये और उससे अधिक के वार्षिक औसत कारोबार करने वाले रत्न और आभूषणों के निर्यातकों प्रक्रिया पुस्तक (खण्ड-1) में विनिर्दिष्ट प्रयोग शालाओं/एजेन्सियों द्वारा निर्धारित प्रमाणन/ग्रेडिंग प्रयोजन के लिए कटे हुए और पॉलिश किए हुए हीरों, प्रत्येक वजन 0.50 कैरिट और उससे अधिक के निर्यात की अनुमति दी जाएगी। बशर्ते पुनः आयात के

समय बिना किसी आयात शुल्क के भुगतान की अभिकरणों से प्रमाण पत्र/ग्रेडिंग रिपोर्टों सहित पुनः आयात किया जाएगा ।

स्वर्ण/चांदी/प्लेटिनम के आभूषणों के लिए योजनाएं

4.4.3 स्वर्ण/चांदी/प्लेटिनम के आभूषणों और उनकी वस्तुओं के निर्यातक इस संबंध में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार स्वर्ण, प्लेटिनम, चांदी, माउंटिंग्स, फाइंडिंग्स, अपरिष्कृत रत्न, कीमती और अर्द्ध-कीमती पत्थर सिन्थेटिक पत्थर और असंसाधित मोती आदि जैसी अपनी अनिवार्य निविष्टियों का आयात कर सकते हैं ।

नामित एजेंसियां

4.4.4 स्वर्ण/चांदी/प्लेटिनम आभूषणों और उनकी वस्तुओं की स्कीमों का लाभ उठाने वाला निर्यातक नामित एजेंसियों से स्वर्ण/चांदी/प्लेटिनम प्राप्त कर सकता है । - नामित एजेंसियां ये हैं- एम एम टी सी लिमिटेड, हस्तशिल्प और हथकरघा निर्यात निगम (एच एच ई सी), राज्य व्यापार निगम (एस टी सी) भारतीय परियोजना और उपकरण निगम लिमिटेड (पी ई सी), और भारतीय रिजर्व बैंक (आर बी आई) द्वारा प्राधिकृत कोई अन्य एजेंसी, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्राधिकृत बैंक को रिफाइनिंग के लिए गोल्ड स्क्रैप का निर्यात करने तथा स्टैंडर्ड गोल्ड बार्स के रूप में आयात करने की अनुमति है ।

निर्यात की मदें

4.4.5 निम्नलिखित मदों का यदि निर्यात किया जाता है तो वे इन स्कीमों के अन्तर्गत सुविधाओं के लिए पात्र होंगी ।

(क) 8 कैरेट या अधिक सोना वाले सोने के जेवरात चाहे सादे हों अथवा जड़ित जिनमें आंशिक रूप से संसाधित आभूषणों तथा ऐसी अन्य वस्तुएं जिनमें तमगे एवं सिक्के शामिल हैं (इनमें कानूनी निविदा किस्म के सिक्के शामिल नहीं हैं)

(ख) भार के रूप में 50 प्रतिशत से अधिक चांदी वाले आंशिक रूप से संसाधित जेवरात सहित चांदी के जेवरात और वस्तुएं इसमें मैडल और सिक्के शामिल है (इनमें वैध टेंडर वाले सिक्के और कोई इंजीनियरी माल शामिल नहीं है ।) और

(ग) भार के रुप में 50 प्रतिशत से अधिक भार प्लेटिनिपम वाले जेवरात जिनमें आंशिक रूप से संसाधित आभूषण तथा ऐसी अन्य वस्तुऐं जिनमें तमगे एवं सिक्के शामिल है (इनमें कानूनी निविदा किस्म के सिक्के व इंजीनियरिंग माल शामिल नहीं हैं) ।

मूल्य परिवर्धन 4.4.6 **मूल्य परिवर्धन प्रक्रिया पुस्तक (खण्ड-1) के अनुसार होगी ।**

वेस्टेज मानदंड 4.4.7 **सोने/चांदी/प्लेटिनम जेवरात के लिए स्कीमों के तहत, विनिर्माण अपशेष अथवा वेस्टेज प्रक्रिया पुस्तक (खण्ड-1) में विनिर्दिष्ट के अनुसार अनुमत होगी ।**

विदेशी क्रेता द्वारा आपूर्ति के प्रति 4.4.8 **जहाँ निर्यात आदेश नामित एंजेसी/स्तर धारियों को दिया जाता है वहां विदेशी क्रेता को विनिर्माण और निर्यात के लिए प्लेटिनम/ निर्यात स्वर्ण/चांदी/एलॉय फाइंडिंग्स और चांदी/स्वर्ण/प्लेटिनम की माउंटिंग को अग्रिम और मुक्त रूप में आपूर्ति कर सकता है । नामित अभिकरणों द्वारा सीधे या उनकी सहयोगी कम्पनियां या स्तरधारियों जैसी भी स्थिति हो, के माध्यम से निर्यात किया जा सकता है ।** फाइंडिंग्स का आयात और निर्यात नेट टू नेट आधार पर किया जाएगा ।

प्रदर्शनियों/निर्यात सवंर्धन दौरों/ब्रान्डेड आभूषणों के माध्यम से

4.4.9 वाणिज्य मंत्रालय के अनुमोदन से नामित एजेंसियां और उनके सहयोगी तथा रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जी. जे. ई. पी. सी) के अनुमोदन से अन्यों द्वारा विदेशों में प्रदर्शनियों में भाग निर्यात लेने के लिए सोने/चांदी/प्लेटिनम के जेवरातों और उनकी वस्तुओं का निर्यात किया जा सकता है सोना/चांदी/प्लेटिनम के आभूषणों कीमती,अर्ध कीमती पत्थरों, मनके और वस्तुओं के व्यक्तिगत कैरेज और ब्रांडेड आभूषणों के निर्यात की भी अनुमति होगी । यह निर्यात प्रक्रिया पुस्तक (खण्ड-1) में उल्लिखित शर्तों के अनुसार होगा ।

नामित एजेंसियों द्वारा आपूर्ति के प्रति निर्यातें

4.4.10 निर्यातक,इस संबंध में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार निर्यात उत्पादो के लिए सोने/चांदी/प्लेटिनम को निवेश के रूप में अग्रिम अथवा निर्यात के बाद प्रतिपूर्ति के तौर पर नामित एजेंसियों से प्राप्त कर सकता है ।

अग्रिम लाइसेंस के प्रति निर्यात

4.4.11 निम्नलिखित हेतु शुल्क मुक्त आयात के लिए अग्रिम लाइसेंस दिया जा सकता है ।

(क) कम से कम 0.995 शुद्धता का सोना, और 8 कैरेट और अधिक के माउन्टिंग्स, साकेट्स, फ्रेम्स एवं फाइंडिंग्स ।

(ख) कम से कम 0.995 शुद्धता की चांदी, माउन्टिंग्स, साकेट्स, फ्रेम्स एवं फाइंडिंग्स जिनमें भार में 50 प्रतिशत से अधिक चांदी हो।

(ग) कम से कम 0.900 शुद्धता का प्लेटिनम, माउन्टिंग्स, साकेट्स, फ्रेम्स एवं फाइंडिंग्स जिनमें भार में 50 प्रतिशत से अधिक प्लेटिनम हो ।

4.4.12 ऐसे **लाइसेंसों में** नियात दाय[illegible] शर्त **रहेगी जिसे इस संबंध में** विनिर्दिष्ट **प्रक्रिया के अनुसार** पूर[illegible]शित **होगा** ।

अग्रिम लाइसेंसधारक इस बारे में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार सीधे आयात के बदले नामित एजेंसियों से सोना/चांदी/प्लेटिनम प्राप्त कर सकते हैं ।

रत्न प्रतिपूर्ति लाइसेंस

4.4.13 नीति के पैरा 4.4.8, 4.4.9, 4.4.10, और 4.4.11 में दिए गए स्वर्ण/चांदी/प्लेटिनम आभूषण और उनसे बनी वस्तुओं के निर्यात के लिए स्कीमों के तहत रत्न प्रतिपूर्ति लाइसेंस जारी किया जा सकता है । सादा स्वर्ण/प्लेटिनम/चांदी जेवरात और उनकी वस्तुओं के मामले में, ऐसे लाइसेंसों का मूल्य, निर्धारित न्यूनतम मूल्य परिवर्धन से अधिक की वसूली के संदर्भ में निर्धारित किया जाएगा। जड़ित स्वर्णा/चांदी प्लेटिनम जेवरात और उनकी वस्तुओं के मामले में, अनुमेय वेस्टेज समेत स्वर्ण/प्लेटिनम/चांदी पर मूल्य परिवर्धन का हिसाब लगाने के बाद, निर्यातित मदों में उपयुक्त जडितों के मूल्य को ध्यान में रखकर रत्न प्रतिपूर्ति लाइसेंस का मूल्य निर्धारित किया जाएगा । ऐसे रत्न प्रतिपूर्ति लाइसेंस मुक्त रूप से हस्तान्तरणीय होंगे ।

रत्न प्रतिपूर्ति दर और मद

4.4.14 प्रतिपूर्ति का पैमाना और आयात की प्रक्रिया पुस्तक (खण्ड-1) के परिशिष्ट 26क के अनुसार निर्धारित होगी ।

निर्यात/आयात पार्सलों को व्यक्तिक तौर पर ले जाना

4.4.15 **विदेश जाने** वाले यात्रियो द्वारा रत्नों और आभूषणों के निर्यात पार्सल तथा किसी भारतीय आयातक/विदेशी नागरिक द्वारा रत्नों और आभूषणों के आयात पार्सल को, प्रक्रिया पुस्तक(खण्ड-1) में उल्लिखित शर्तों के अनुसार व्यक्तिगत रूप से ले जाने की अनुमति होगी ।

अध्याय - पाँच

निर्यात संवर्धन पूंजीगत माल स्कीम

ई.पी.सी.जी. स्कीम

5.1 कम्प्यूटर साफ्टवेयर सिस्टम एस के 5/सी के डी समेत नई पूंजीगत वस्तुओं का 5 प्रतिशत सीमाशुल्क के आधार पर इस योजना के तहत आयात किया जा सकता है । बशर्ते कि लाइसेंस के जारी होने की तिथि के 8 वर्षों के ऊपर पूंजीगत माल के 5 गुणा लागत बीमा भाड़ा मूल्य के बराबर निर्यात दायित्व की पूर्ति की जाए ।

तथापि 100 करोड़ या इससे अधिक का ई पी सी जी लाइसेंस होने पर निर्यात दायित्व 12 वर्षों से अधिक की अवधि में पूरा करना अपेक्षित होगा।

जिग्स फिक्चर डाइज माउल्डस और पूंजीगत माल के लागत बीमा भाड़ा मूल्य के 20 प्रतिशत तक हिस्से पुर्जों का आयात किया जा सकता है । लाइसेंसधारक द्वारा पूंजीगत वस्तुओं के एसेम्बल या विनिर्माण हेतु ऐसी पूंजीगत वस्तुओं के हिस्से-पुर्जों के आयात के लिए ई पी सी जी लाइसेंस भी जारी किया जा सकता है ।

पात्रता

5.2 कीम के अंतर्गत विनिर्माता(ओं) सहित अथवा उनके बिना विनिर्माता, सहायक विनिर्माता(ओं) और सेवा प्रदान कर्त्ताओं से जुड़े व्यापारी निर्यातक पूंजीगत माल का आयात करने के पात्र हैं ।

पूंजीगत माल के आयात की शर्त

5.3 स्कीम के अधीन पूंजीगत माल का आयात, निर्यात दायित्व की पूर्ति तक वास्तविक उपयोक्ता शर्त के अधीन होगा ।

निर्यात दायित्व

5.4 स्कीम के अन्तर्गत निर्यात दायित्व पूरा करने के लिए निम्नलिखित शर्तें लागू होंगी :-

5.5 (1) स्कीम के अन्तर्गत आयातित पूंजीगत वस्तुओं के उपयोग द्वारा विनिर्मित या उत्पादित ऐसी वस्तुओं के नियात द्वारा निर्यात दायित्व पूरा किया जाएगा उन्हीं वतुओं के निर्यात द्वारा निर्यात दायित्व भी पूरा किया जा सकता है जिन्हें लाइसेंस धारक/विनिर्माता सहायक विनिर्माता (ओं) विक्रेता(ओं) की विभिन्न विनिर्माण यूनिटों में विनिर्मित अथवा उत्पादित किया गया है । जिसके लिए ई पी सी जी लाइसेंस प्राप्त किया गया है ।

तथापि, यदि निर्यातक विनिर्मित वस्तुओं को और अधिक संसाधित करके मूल्य बढ़ाता है तो निर्यात दायित्व 50 प्रतिशत बढ़ जाएगा ।

(2) स्कीम के अधीन निर्यात दायित्व अग्रिम लाइसेंस, डी एफ आर सी, डी ई पी बी या ड्रा बैक योजना के अधीन समान उत्पाद के लिए निर्यात दायित्व को छोड़कर आयातक द्वारा लिए गए किसी अनय निर्यात दायित्व के अतिरिक्त होगा । निर्यात, दायित्व विगत तीन लाइसेंसिंग वर्षों में उसके द्वारा प्राप्त किए गए उसी उत्पाद और समान उत्पाद प्रक्रिया पुस्तक (खण्ड-1) में बढाए गए श्रेणियों को छोड़कर के निर्यातों के औसत स्तर से ज्यादा होगा ।

स्वदेशी रुप से पूंजीगत माल को प्राप्त करना और घरेलू आपूर्तिकर्ता को लाभ

5.6 ई पी सी जी लाइसेंस धारक व्यक्ति पूंजीगत वस्तुएं आयात करने की बजाए इन्हें घरेलू निर्माता से प्राप्त कर सकता है।ई पी सी जी लाइसेंसधारक को पूंजीगत वस्तुओं की आपूर्ति करने वाला घरेलू विनिर्माता नीति के पैरा 8.3 के तहत मान्य निर्यात लाभ पाने का पात्र होगा ।

5.7 ई पी सी जी लाइसेंस धारक और घरेलू विनिर्माता के बीच पक्के करार के मामले में, घरेलू निर्माता उक्त पूंजीगत वस्तुओं के विनिर्माण हेतु आवश्यक संघटकों के आयात हेतु स्कीम के तहत अग्रिम लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकता है ।

घरेलू विनिर्माता ई पी सी जी लाइसेंस-धारक को पूंजीगत माल की आपूर्ति के बाद संघटकों की प्रतिपूर्ति भी कर सकता है । तथापि, ई पी सी जी लाइसेंस के संबंध में निर्यात दायित्व को वास्तव में उपयोग किए गए लाइसेंस के लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य के संदर्भ में गिना जाएगा ।

5.8 कृषि निर्यात क्षेत्रों में सेवा प्रदात्ताओं को उपलब्ध करवाए गए कृषि निर्यात क्षेत्रों के भीतर पूंजीगत माल को हटाने या दूसरी जगह ले जाने की सुविधा होगी । वे ऐसे कार्यकलापों का सही रिकार्ड रखेंगे तथापि लाइसेंसधारक द्वारा ऐसे उपकरण बेचे या ठेके पर नहीं किए जाएगें ।

अध्याय - छः

निर्यात अभिमुख यूनिटें (ई ओ यू) निर्यात संसाधन जोन की यूनिटे (ई पी जैड) इलैक्ट्रॉनिक हार्डवेयर टेक्नोलोजी पार्क यूनिटें (ई एच टी पी) और साफ्टवेयर टेक्नोलोजी पार्क यूनिटें (एस टी पी)

पात्रता

6.1 अपने सारे उत्पादन और सेवाओं को निर्यात करने का दायित्व लेने वाली यूनिटें निर्यात अभिमुख यूनिट इ. ओ. यू. स्कीम, निर्यात संसाधन क्षेत्र ई पी जैड स्कीम, इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर टेकनोलोजी पार्क ई एच टी पी स्कीम या साफ्टवेयर टेक्नोलोजी पार्क एस टी पी योजना के अंतर्गत स्थापित की जा सकती हैं । ऐसी यूनिटें सोना/चांदी प्लेटिनम आभूषण और उनके सामान के निर्माण सहित विनिर्माण, सेवाएं, ट्रेडिंग, मरम्मत, री मेकिंग री कंडीशनिंग, री-इन्जीनियरिंग कृषि , कृषि प्रसंस्करण सहित जलचर पालन, पशुपालन, जीव प्रोद्योगिकी पुष्प कृषि, बागवानी, मत्स्यपालन, अंगूरोत्पादन, मुर्गीपालन, रेशम उत्पादन के विनिर्माण या उत्पादन में लगी हो सकती हैं और निर्यात तथा आयात मदों के आई टी सी एच एस वर्गीकरण में निर्यात की निषिद्ध मदों के रूप में उल्लिखत वस्तुओं के अलावा सभी उत्पादों का निर्यात कर सकती है । उर्जा के सृजन/वितरण के लिए यूनिट ई पी जैड में भी स्थापित की जाएगी । व्यापारी यूनिट के लिए अनुमति नहीं होगी ।

निर्यात तथा माल की आयातीयता

6.2(क) ई ओ यू/ई पी जैड/ई एच टी पी/एस टी पी यूनिट कृषि उत्पाद आंशिक रूप से संसाधित आभूषण, सब-एसैम्बलीज और घटक वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात कर सकती है । ये निर्यात प्रक्रिया से व्युतपन्न सह उत्पाद, रिजेक्टस, अपशिष्ट स्क्रैप का निर्यात भी कर सकती है ।

(ख) एक निर्यात अभिमुख यूनिट/निर्यात संसाधन क्षेत्र की संसाधन यूनिट/ ई एच टी पी/ एस टी पी यूनिट उपर्युक्त पैराग्राफ 6.1 में यथा परिभाषित या उससे संबंधित गतिविधियों के लिए अपेक्षित नीति में यथा परिभाषित पूंजीगत माल सहित सभी प्रकार की वस्तुओं का बिना शुल्क दिए आयात कर सकती है, बशर्ते कि वे निर्यात और आयात मदों के आई टी सी (एच एस) वर्गीकरण में आयात की निषिद्ध मदें न हों । यूनिटों को, ग्राहकों से ऋण पर पूंजीगत वस्तुओं सहित, मुफ्त में या स्वीकृति कार्यकलापों के लिए अपेक्षित वस्तुओं के आयात की भी अनुमति होगी।

(ग) ई ओ यू/ई पी जेड/ई एच टी पी/एस टी पी यूनिटें निर्यात आयात नीति के तहत स्थापित डी टी ए में बॉण्डेड वेयर हाउस और भारत में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय प्रर्दशनियों से अपने कार्यकलापों या इससे संबंधित मामलो के लिए अपेक्षित वस्तुओं को शुल्क वस्तुओं को शुल्क मुक्त प्राप्त कर सकती हैं ।

(ध) एस टी पी/ई एच टी पी/ ई पी जेड यूनिटें एस टी पी/ई एच टी पी/ई पी जेड में साफ्टवेयर विकास एककों द्वारा प्रयोग के लिए केन्द्रीय सुविधा स्थापित करने हेतु सभी प्रकार के वस्तुओं का शुल्क मुक्त रूप से आयात कर सकती हैं ।

(ड.) कृषि, पशुपालन, पुष्प उत्पादन, बागवानी, मत्स्य पालन, अंगुरोत्पादन, मुर्गीपालन अथवा रेशम उत्पादन में संलग्न निर्यात अभिमुख यूनिट केवल ऐसे माल का शुल्क मुक्त आयात कर सकती हैं जो इस बारे में जारी की गई सीमाशुल्क अधिसूचना के तहत शुल्क मुक्त आयात हेतु अनुमत है ।

(च) इसके अलावा, जो ई ओ यू कृषि और बागवानी में अनुबन्ध कृषि कर रहे हैं उन्हें प्रक्रिया पुस्तक खण्ड-1 के परिशिष्ट-14 ठ में यथाउल्लिखित विनिर्दिष्ट माल का डी टी ए से खरीदने/आयात करने की अनुमति होगी और उसे उत्पादन या उस सम्बन्ध में अनुबन्ध कृषकों के खेतों में ले जाने और उत्पाद को निर्यात के लिए वापिस जाने की अनुमति होगी ।

(छ) ई ओ यू/ई पी जैड रत्न और आभूषण यूनिटें नामित ऐजंसियो से सोना/चांदी प्लेटिनम प्राप्त कर सकती है ।

(ज) सेवा यूनिटों के अतिरिक्त ई ओ यू/ई पी जैड/ई एच टी पी/एस टी पी यूनिट भारतीय रिजर्व बैंक की क्लियरैन्स, यदि कोई हो, के अधीन राज्य ऋण के पुनः भुगतान/क्रेता के एस्क्रो रुपया लेखा के प्रति भारतीय रुपयों में रुस संघ को निर्यात कर सकती है ।

पुराना पूंजीगत माल

6.3 शुल्क का भुगतान किए बिना पुराने पूंजीगत माल का आयात भी किया जा सकता है ।

पूंजीगत माल पट्टे

6.4 पार्टियों के बीच में हुई पक्की संविदा के आधार पर कोई निर्यात यूनिट/निर्यात क्षेत्र की यूनिट/इलैक्ट्रॉनिक हार्डवेयर टेक्नोलोजी पार्क/सॉफ्टवेयर टेक्नोलोजी पार्क यूनिट घरेलू पट्टे वाली कंपनी से पूंजीगत माल उठा सकती है । ऐसे मामले में घरेलू पट्टे वाली कंपनी तथा निर्यात अभिमुख यूनिट निर्यात क्षेत्र/ की यूनिट/ इलैक्ट्रॉनिक हार्डवेयर टेक्नोलोजी पार्क/ सॉफ्टवेयर टेक्नोलोजी पार्क यूनिट शुल्क मुक्त पूंजीगत माल आयात करने के लिए संयुक्त रूप से आयात दस्तावेज प्रस्तुत करेगी ।

निर्यात के प्रतिशत (एन एफ ई पी) के रूप में निवल विदेशी मुद्रा अर्जन और न्यूनतम निर्यात निष्पादन (ई पी)

6.5 न्यूनतम परिभाषित निर्यातों की प्रतिशतता के तौर पर विदेशी मुद्रा का न्यूनतम स्तर होगा और न्यूनतम निर्यात निष्पादन नीति के परिशिष्ट - 1 में विनिर्दिष्ट अनुसार होगा। अनुमति-पत्र/आशय-पत्र में निर्दिष्ट निर्यात के लिए विनिर्माण की मदें निर्यातों की प्रतिशत के तौर पर निवल विदेशी मुद्रा अर्जन के परिकलन के लिए तथा निर्यात- निष्पादन की पूर्ति के लिए हिसाब में ली जाएगी ।

अनुज्ञा पत्र/साख पत्र और विधिक वचन बद्धता

6.6(क) अनुमोदन हो जाने पर, विकास आयुक्त द्वारा ई ओ यू/ई पी जैड/ई एच टी पी/एस टी पी यूनिट को अनुमति पत्र (एल ओ पी)/आशय पत्र (एल ओ आई) जारी करेगा । एल ओ पी/एल ओ आई का आरम्भ में वैधता अवधि तीन वर्ष होगी । इसकी वैधता अवधि को सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रारम्भिक वैधता की अवधि से आगे 3 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है ।

(ख) सम्बन्धित प्राधिकारी द्वारा ई ओ यू/ई पी जैड/ई एच टी पी/एस टी पी यूनिटों को जारी एल ओ पी/एल ओ आई को सभी प्रयोजन के लिए लाइसेंस माना जाएगा । इसमें सीधे अथवा नामित राज्य व्यापार उद्यमों के माध्यम से कच्चे माल और उपभोज्यों की खरीद शामिल है । ई ओ यू/ई पी जैड यूनिटों के लिए एल ओ पी/ एल ओ आई का मानक प्रपत्र परिशिष्ट 14-ग में दिया गया है ।

(ग) यूनिट संबंधित विकास आयुक्त को एक विधिक वचनबद्धता प्रस्तुत करेगी और परिशिष्ट-1 में निर्धारित कार्य निष्पादन को पूरा न कर पाने के मामले में वह उस विधिक वचनबद्धता या उस समय लागू किसी अन्य कानून के अधीन दण्ड की भागी होगी ।

आवेदन और अनुमोदन

6.7 जिन परियोजनाओं की संयंत्र और मशीनरी पर 50 लाख या अधिक से कम का निवेश न हो उनको ई.ओ.यू. स्कीम के अन्तर्गत स्थपना के लिए विचार किया जाएगा । ई ओ यू/ई पी

जेड/ई एच टी पी/एस टी पी यूनिटों की स्थापना के आवेदनों को संबंधित विकास आयुक्त द्वारा 15 दिन के भीतर मंजूरी दी जा सकती है जो प्रक्रिया पुस्तक खण्ड-1 के पैरा 9.37 में उल्लिखित शर्तों को, पूरा करती हों ।

(ख) अन्य मामलों में, परिशिष्ट 14-ख में यथाउल्लिखित और यथाअधिसूचित अनुमोदन इस प्रयोजन के लिए गठित किए गए अनुमादन बोर्डों द्वारा दिया जा सकता है ।

(ग) औद्योगिक लाइसेंसों वाले प्रस्तावों पर अनुमोदन पर अनुमोदन बोर्ड द्वारा मामले के आधार पर विचार किया जा सकता है ।

बेकार माल सहित तैयार उत्पाद अवशेष/ स्क्रैप/शेष और उप-उत्पाद की घरेलू टैरिफ क्षेत्र (डी टी ए) में बिक्री

6.8 निर्यात अभिमुख यूनिटों/ निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिटों/ इलैक्ट्रानिक हार्डवेयर टेक्नोलोजी पार्क/साफ्टवेयर टेक्नोलोजी पार्क यूनिटों का सारा उत्पादन निम्निलिखित के अधीन निर्यात किया जाएगाः-

(क) यदि अनुमति पत्र/आशय-पत्र में स्पष्ट रूप से निषिद्ध न किया गया हो तो यूनिट द्वारा नीति के पैरा 9.9 (ख) के तहत बिक्री पर लागू शुल्को के भुगतान पर सीमाशुल्क प्राधिकारी को पूर्व सूचना देने पर अस्वीकृत माल को घरेलू प्रशुल्क क्षेत्र में बेचा जा सकता है । ऐसी बिक्री को नीति के पैरा 6.8 (ख) अधीन धरेलू प्रशुल्क क्षेत्र बिक्री हकदारी के तहत गिना जायेगा । उत्पादन के 5 प्रतिशत तक बेकार माल की बिक्री अर्जित निवल विदेशी मुद्रा पूरा करने की शर्त के अधीन नहीं होगी ।

(ख) रत्न और आभूषण यूनिटो को छोड़कर यूनिटे निर्यात के पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के 50 प्रतिशत तक वस्तुओं/सेवाओं का विक्रय कर सकता है जो लागू शुल्क भुगतान और नीति के परिशिष्ट 1 में निर्धारित न्यूनतम अर्जित निवल विदेशी मुद्रा को पूरा करने के अधीन होगी । नीति के पैरा तहत प्राइवेट बांडिड गोदाम की बिक्री को भी ई ओ यू/ई पी जैड यूनिटो द्वारा निर्यात के पोतपर्यन्त निःशुल्क मूल्य को निश्चित करने के प्रयोजन के लिए ध्यान में रखा जाएगा । चाय (इन्सटैंट टी को छोड़कर) और पुस्तकें या पैकेजिंग/लेबलिंग /सैग्रीगेशन/रेफ्रीजरेशन यूनिट और ऐसी अन्य मदों जोकि समय-समय

पर अधिसूचित की जाएगी । के मामले में कोई डी टी ए बिक्री की अनुमति नहीं दी जाएगा ।

(ग) रत्न और आभूषण यूनिटे डी टी ए में पूर्व वर्ष के निर्यात के पोत पर्यत निःशुल्क मूल्य के 10 प्रतिशत तक बेच सकती है बशर्ते कि नीति के परिशिष्ट 1 में यथानिर्धारित अर्जित निवल विदेशी मुद्रा को पूरा कर लिया गया है । सादे आभूषण की बिक्री के संबंध में, प्रापतकर्त्ता नामित एंजेसियो से बिक्री पर यथा लागू सीमाशुल्क प्राधिकारियों को भारतीय सार में शुल्क की रियायती दरों का भुगतान करेगा । रत्नजड़ित आभूषण के संबंध में, सीमा शुल्क प्राधिकारियों द्वारा यथा अधिसूचित भारतीय रूपये में शुल्क का भुगतान करना होगा ।

(घ) उत्पादन प्रक्रिया या तत्सम्बन्धी प्रक्रिया से निकलने वाले स्क्रैप/अवशिष्ट/अवशेष का नीति के पैराग्राफ 6.8(ख) के अधीन यथा लागू शुल्क का भुगतान करने पर डी टी ए में बिक्री अथवा निर्यात किया जा सकता है जो निर्यात के पोत पर्यन्त निशुल्क मूल्य का 50 प्रतिशत की समग्र सीमा के भीतर होगा लेकिन न्यूनतम निवल विदेशी मुद्रा अर्जन की प्राप्ति के अधीन नहीं होगा । यूनिटों द्वारा जिन वेस्ट/स्क्रैप/अवशेष की बिक्री डी टी ए बिक्री की पात्रता या डी टी ए बिक्री पात्रता से बाहर बिक्री की अनुमति नहीं है उन पर शुल्क का पूर्ण भुगतान करना होगा ।

(ड.) यदि ऐसे स्क्रैप/अवशिष्ट/अवशेषों को सीमाशुल्क प्राधिकारियों की अनुमति से नष्ट कियाजाता है तो उन पर कोई शुल्क/कर नहीं लगेगा।

(च) ई ओ यू/ई पी जैड/ई एच टी पी यूनिटों को तैयार उत्पादनों को बेचने की अनुमति दी जा सकती है जिनका डी टी ए नीति के अधीन मुक्त रूप से आयात किया जा सकता है जिसकी उपर्युक्त उप पैराग्राफ (ख) के अधीन अनुमत स्तरों के ऊपर संपूर्ण शुल्क के भुगतान के तहत अनुमति है बशर्ते इन यूनिटों ने नीति के परिशिष्ट 1 के अनुसार निर्धारित निवल विदेशी मुद्रा और निर्यात निष्पादन प्राप्त किया हो ।

विशेष मामलों में एम एफ ई पी/ई पी प्राप्त किए बिना भी ऐसी बिक्री की अनुमति दी जा सकती है ।

(छ) साफ्टवेयर यूनिटों सहित सेवाओं के लिए किसी भी रूप में डी टी ए में बिक्री हेतु अनुमति जिसमें ऑन लाईन डाटा कम्युनिकेशन

शामिल हैं, निर्यात के पोत पर्यन्त निशुल्क मूल्य के 50 प्रतिशत तक और/या अर्जित विदेशी मुद्रा के 50 प्रतिशत जहाँ ऐसी सेवाओं के लिए भुगतान मुक्त विदेशी मुद्रा में प्राप्त किया गया है ।

(ज) अनुमति पत्र/आशय पत्र में शामिल उपोत्पाद को डीटीए में भी बेचा जा सकता है बशर्ते कि नीति के पैरा 9.8 (ख) की समग्र हकदारी के भीतर लागू शुल्को के भुगतान और अर्जित निवल विदेशी मुद्रा को पूरा कर लिया हो । पैरा 9.8 (ख) की हकदारी के बाहर उपोत्पाद की बिक्री संपूर्ण शुल्कों के भुगतान पर भी अनुमत होगी ।

नोटः- इलेक्ट्रॉनिक्स हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर निर्माण करने वाली यूनिटों के मामले में, निर्यातों की प्रतिशतता के तौर पर निवल विदेशी मुद्रा और डी टी ए बिक्री हकदारी, साफ्टवेयर के लिए अलग से निर्धारित की जाएगी ।

घरेलू टैरिफ क्षेत्र में अन्य आपूर्तियां

6.9 अर्जित निवल विदेशी मुद्रा/निर्यात दायित्व को पूरा करने के लिए घरेलू टैरिफ क्षेत्र में निम्नलिखित आपूर्तियों की गणना की जाएगीः-

(क) नीति के पैराग्राफ 8.2 के संबंध् में डी टी ए में की गई आपूर्तियां;

(ख) डीटीए में क्रेता के एक्सचेंज अर्नस फॉरेन करंसी (ई ई एफ सी) खाते से भुगतान के प्रति डी टी ए में और विदेशों से विदेशी मुद्रा प्रेषण के प्रति की गई आपूर्तियां

(ग) अन्य निर्यातोन्मुख् इकाई/निर्यात संसाधन जोन/इलैक्ट्रॉनिक हार्डवेयर टेक्नोलोजी पार्क/सॉफ्टवेयर टेक्नोलोजी पार्क यूनिटों/एस ई जेड को आपूर्ति इस शर्त के साथ होगी कि ऐसी वस्तुएं नीति के पैराग्राफ 6.2 के अनुसार खरीद हेतु अनुमत है ।

(घ) नीति के पैराग्राफ और/या सीमाशुल्क अधिनियम की धारा 65 के अधीन अथवा अधिसूचना सं0 32/97-सी यू एस, दिनांक 1.4.1997 के प्रति जॉबिंग निर्यात आदेशों के निष्पादन के लिए स्थापित प्राइवेट बांडेड गोदामों को की गई आपूर्तियां ।

(ड.) वस्तुओं के शुल्क मुक्त आयात की विशेष हकदारी के तहत वस्तुओं की आपूर्ति ।

(च) रक्षा तथा आंतरिक सुरक्षा बलों को वस्तुओं की आपूर्ति बशर्ते कि वे वित्त मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य छूट अधिसूचना के अनुसार ऐसी मदों के शुल्क मुक्त आयात के हकदार हों ।

(छ) निर्यात माल की सेवा क्षेत्र इकाईयों द्वारा दी गई सेवाएं

(ज) सूचना प्रौद्योगिकी करार मदों (आई.टी.ए-आई) की आपूर्तियॉ

स्तर धारकों के जरिए निर्यात

6.10 कोई निर्यात अभिमुख यूनिट/निर्यात संसाधन क्षेत्र/इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर टेक्नोलोजी पार्क/ सॉफ्टवेयर टेक्नोलोजी पार्क की यूनिट अपने विनिर्मित माल का निर्यात किसी अन्य निर्यात अभिमुख यूनिट/निर्यात संसाधन क्षेत्र/इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर टेकनोलोजी पार्क/सॉफ्टवेयर पार्क यूनिट अथवा इस नीति के अंतर्गत मान्यता प्राप्त किसी व्यापारी निर्यातक/स्तरधारी के जरिए कर सकती है ।

नमूने

6.11 ई ओ यू/ई पी जैड/ई एच टी पी/एस टी पी यूनिटों द्वारा नमूनों के निर्यात/आपूर्ति के लिए प्रक्रिया पुस्तक खण्ड-1 के पैरा 6.11 में दी गई है ।

डी.टी.ए. से आपूर्तियों हेतु हकदारी

6.12 (क) निर्यातोन्मुख/निर्यात संसाधन क्षेत्र/ इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर टेक्नोलोजी पार्क/सॉफ्टवेयर टेक्नोलोजी पार्क की यूनिटो को घरेलू टैरिफ क्षेत्र से की गई आपूर्तियों को मान्य निर्यात समझा जाएगा । डी टी ए आपूर्तिकर्ता निर्यात निष्पादन यदि कोई हो, के अलावा नीति के पैराग्राफ 8.3 के अधीन सम्बन्धित पात्रता के लिए पात्र होगा इसके अलावा ई ओ यू/ई पी जैड/ई एच टी पी/एस टी पी यूनिट निम्नलिखित के लिए पात्र होगें ।

(1) केन्द्रीय बिक्री कर की वापसी ;

(2) नीति के पैरा 6.2 के अधीन हकदारी के अनुसार सभी वस्तुओं पर केन्द्रीय उत्पाद शुल्क के भुगतान में छूट ;

(3) जब तक थोक चाय पर इस सम्बन्ध में लेवी लागू रहती है तब तक सम्बन्धित जोन के विकास आयुक्त द्वारा लाइसेंस शुदा नीलामी केन्द्रों से प्राप्त थोक चाय पर अदा किए गए केन्द्रीय उत्पाद शुल्क की प्रतिपूर्ति ।

(4) घरेलू तेल कंपनियों से प्राप्त ईधन पर अदा शुल्क को समय-समय पर विदेश व्यापार महानिदेशालय द्वारा अधिसूचित शुल्क वापसी की दर से संबंधित क्षेत्र के विकास आयुक्त द्वारा ई ओ यू/ई पी जैड/ई एच टी पी/एस टी पी को लौटा दिया जाएगा ।

(ख) डी टी ए से ई ओ यू/ई पी जैड एककको को कटे और पालिश किए हुए हीरो, बहुमूल्य और अर्ध बहुमूल्य पत्थरो, सिंथेटिक पत्थरो और

संसाधित मोतियों के आपूर्तिकर्ता प्रक्रिया पुस्तक(खण्ड-1) के परिशिष्ट 30(क) में उल्लिखित मदों के लिए दरो पर प्रतिपूर्ति लाइसेंस पाने के पात्र होंगे ।

पैराग्राफ (क)(1) और (ख) (2) के अधीन बताए गए लाभ उपलब्ध होंगे बशर्ते कि आपूर्ति किया गया माल भारत में विनिर्मित हो ।

अन्य हकदारियां 6.13 ई.ओ.यू./ई.पी.जेड./ई.एच.टी.पी./एस.टी.पी. की अन्य हकदारी को प्रक्रिया पुस्तक (खण्ड-1) में दर्शाया गया है।

अन्तर यूनिट हस्तांरण 6.14 (क) एक निर्यात अभिमुख यूनिट/निर्यात संसाधन क्षेत्र/ई एच टी पी/एस टी पी यूनिट से अन्य ई ओ यू/ई पी जेड/ई एच टी पी/एस टी पी यूनिट को विनिर्मित माल के हस्तांतरण की अनुमति दी जाएगी ।

(ख) ई पी जैड यूनिट द्वारा आयातित प्राप्त माल को अन्य ई पी जैड को उधार पर अथवा पट्टे पर दिया जा सकता है जिसे बाकायदा गिना जाएगा लेकिन निर्यात निष्पादन की पूर्ति हेतु नहीं गिना जाएगा ।

(ग) हस्तांतरित या उधार दिए किसी भी पूंजीगत माल को संबंधित विकास आयुक्त की पूर्व अनुमति लेनी होगी ।

उप-ठेके 6.15 (क)ई ओ यू/ई पी जैड/ई एच टी पी/एस टी पी यूनिट रत्न और आभूषण यूनिटों को छोड़कर सीमा शुल्क के सहायक आयुक्त से वार्षिक अनुमति के आधार पर डी टी ए में अपनी उत्पादन प्रक्रिया के उप-करार जिसमें वस्तुओं के स्वरूप को बदलना शामिल होगा डी टी ए में यूनिटों द्वारा जब कार्य के जरिए उप-ठेका दे सकते हैं । ये यूनिट सीमा शुल्क के सहायक आयुक्त की अनुमति से डी टी ए में जाव कार्य के लिए उत्पादन के 50प्रतिशत तक उप-ठेका भी दे सकते हैं । यूनिट में रखे गए रिकार्ड के आधार पर अन्य ई ओ यू/ई पी जैड/ई एच टी पी/एस टी पी यूनिटों के जरिए उत्पादन और उत्पादन प्रक्रिया दोनों के लिए भी उप-ठेका भी दिया जा सकता है । उत्पादन प्रक्रिया के भाग को अनुमोदन बोर्ड के अनुमोदन से विदेशों में उप ठेके की अनुमति दी जाएगी ।

(ख) ई ओ यू/इ पी जैड यूनिटे सीमाशुल्क आयुक्त की अनुमति से डीटीए निर्यातक की ओर से निर्यात हेतु जान वर्कर सकती हैं बशर्ते माल को ई ओ यू/ई पी जैड यूनिटों से सीधे निर्यात किया जाए । ऐसे निर्यात हेतु, शुल्क वापसी की ब्रांड दर के माध्यम से निविष्टियों पर अदा किए शुल्क को वापिस लेने के लिए डीटीए यूनिटें हकदार होंगी ।

(ग) जाब वर्कर के कार्य स्थल में पैदा हुए स्क्रैप/वेस्ट/टुकडों को या तो जाब वर्कर के कार्य स्थल से शुल्क के भुगतान पर दिया जा सकता है या आपूर्तिकर्ता यूनिट को वापिस किया जा सकता है ।

(घ) रत्न और आभूषण ई ओ यू/ई पी जैड यूनिट को सादा स्वर्ण/चांदी/प्लेटिनियम जेबरात जिसमें फाइन्डिंग कम्पोनेन व अर्ध परिष्कृत जेबरात भी शामिल है । डीटीए से स्वर्ण/चांदी/प्लेटिनियम उसी सुद्दता व मात्रा के हिसाब डीटीए से अदला बदली के आधार पर लेने की अनुमति है । डीटीए यूनिटें जो इस प्रकार के जेबरातों स्वर्ण/चांदी/ प्लेटिनियम के जेबरातों की आपूर्ति करते है का मान्य आयात का लाभ के पात्र होंगे । ई ओ यू/ई पी जैड यूनिटें इस प्रकार के जेबरात के आधार पर वैस्टजे या विनिर्माण के नुकसान लेने के पात्र नहीं होगें ।

प्रयोग न किए गए माल की बिक्री

6.16(क) यदि कोई निर्यातोन्मुख यूनिट/निर्यात संवर्धन क्षेत्र/ई एच टी पी/ एस टी पी की यूनिट वैध कारणों से आयातित माल का उपयोग नहीं कर पाती है तो यह डी टी ऐ यूनिट द्वारा आयात लाइसेंस सौंपकर और लागू शुल्कों का भुगतान करके, जो लागू हो, डी टी ए में उनका पुनः नियात या निपटान कर सकती है । एक ई ओ यू/ई पी जैड/ई एचटी पी/एस टी पी यूनिट से अन्य यूनिट को आपूर्ति इस पैरा के अधीन आयात के रूप में जानी जाएगी ।

(ख) पूंजीगत वस्तुएं और हिस्से पुर्जे जो पुराने हो गए हैं उन्हें विकास आयुक्त की पूर्व अनुमति से डी टी ए में बेचा जा सकता है या इनका निर्यात किया जा सकता है बशर्ते इनके हांसित मूल्य पर लागू शुल्क का भुगतान किया जाए । हांसित मूल्य का लाभ, जहां लागू हों डी टी ए में निपटान के मामलों में उपलब्ध होगा । प्राधिकारियों सीमाशुल्क की अनुमति से नष्ट की गई वस्तुओं पर शुल्क देय नहीं होगा ।

रिंकडिशनिंग/पुनः निर्माण और पुनः इंजिनियरिंग करना

6.17 निर्यातोन्मुख/निर्यात संसाधन/ई एच टी पी/एस टी पी क्षेत्र की यूनिटों को रिकडिंशनिंग, पुनः निर्माण और मरम्मत परीक्षण, कैलीब्रेशन, गुणवत्ता सुधार, प्रौद्योगिकी उन्नयन जैसे कार्यो के लिए मुक्त रुप से परिवर्तनीय विदेशी मुद्रा में निर्यातों के लिए आयातों की अनुमति दी जा सकती है । इस अध्याय के पैराग्राफ 6.8,6.9. 6.10, 6.11,6.12, 6.14 व 6.15 के प्रावधान ऐसे कार्यकलापों पर लागू नहीं होगें ।

वस्तुओं का प्रतिस्थापन/ मरम्मत

6.18(क) प्रतिस्थापन/मरम्मत वस्तुओं के निर्यात के संबंधित नीति के प्रावधान ई ओ यू/ई पी जैड/ई एच टी पी/एस टी पी यूनिटों पर भी एक समान लागू होंगे यद्यपि प्रावधान के तहत न आने वाले मामलों पर विकास आयुक्त द्वारा गुण-दोष आधार पर विचार किया जाएगा ।

(ख) डी टी ए में बेची गई वस्तुएं और खराब पाई गई वस्तुओं को सम्बन्धित सीमाशुल्क/उत्पाद प्राधिकारियों की अनुमति से मरम्मत/ बदलने के लिए लाया जा सकता है ।

(ग) आयात करने पर स्वदेशी रूप से प्राप्त करने पर वस्तुएं अथवा उनके का हिस्से जो त्रुटिपूर्ण अथवा उपयोग हेतु अन्यथा अनुपयुक्त अथवा आयात के बाद क्षतिग्रस्त हो जाएं लौटाए नष्ट किए जा सकते हैं, तथा उन्हें प्रतिस्थापित करने वाली वस्तुएं विदेशी संभरकों अथवा भारत में उनके अधिकृत संभरकों/स्वदेशी संभरकों से वापिस ली जा सकती है।

बांडिंग

6.19 ई ओ यू/ई एच टी पी/एस टी पी स्कीमों के तहत यूनिटों हेतु बांडिंग की शुरूआती अवधि 5 वर्ष होगी । संबंधित विकास आयुक्त इस अवधि को एक बार में 5 वर्षों के लिए बढ़ा सकते हैं ।

बांड से विमुक्ति

6.20(क) निर्यात अभिमुख यूनिट/निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिटों ई एच पी/एस टी पा की यूनिटों को बाण्ड से मुक्त किया जा सकता है। इस प्रकार बांड से वंचित करने में दिए जाने वाले दण्ड और उस समय लागू सीमाशुल्क एवं उत्पाद शुल्क लागू होंगे।

(ख) अगर यूनिट ने इस योजना के अन्तर्गत दायित्व को प्राप्त नहीं किया है तो डिबांडिग सक्षम प्राधिकारी के द्वारा लगाये गये दंड के अनुसार होगा ।

(ग) रत्न व जेबरात यूनिटों द्वारा कार्य करना बन्द करने पर स्वर्ण व अन्य बहुमूल्य धातु, एलोईज, रत्न व अन्य सामग्री वाणिज्य व उघोग मंत्रालय (वाणिज्य विभाग) द्वारा नामित ऐंजसी को उनके द्वारा निर्धारित कीमत पर हस्ताक्षिरण करना पडेगा ।

(घ) प्रक्रिया पुस्तक (खण्ड-1) के परिशिष्ट 14- के अनुसार मानक शर्तों और पात्रता संबंधी मानदण्डों को पूरा करने वाले एकक निर्यातोन्मुख यूनिट/निर्यात संसाधन क्षेत्र/ई एच टी पी/एस टी पी यूनिट को एक बार के विकल्प के रूप में मौजूद ई पी सी जी योजनाओं के तहत पूंजीगत वस्तुओं पर शुल्क के भुगतान पर बांड से विमुक्त कर दिया जाएगा ।

परिवर्तन

6.21 (क) मौजूदा डी टी ए यूनिटें भी किसी निर्यात अभिमुख यूनिट/ई एच टी पी/एस टी पी में परिवर्तन के लिए आवेदन कर सकती है लेकन पहले से स्थापित संयंत्र, मशीनरी और उपस्कर के लिए योजना के अन्तर्गत शुल्कों और करों में कोई छूट नहीं दी जाएगी ।

(ख) विद्यमान ई एच टी पी/एस टी पी यूनिटें, ई ओ यू यूनिट में परिवर्तन/समाहित होने के लिए अथवा विलोमतः आवेदन कर सकती है। ऐसे मामलों में यूनिटें बांड के अधीन होंगी तथा संबद्ध योजनाओं के तहत अनुमेय ड्यूटी एवं टैक्स से अनुमत छूट का लाभ उठा सकती है।

एन एफ ई पी/ एफ पी की मानिटरिंग और रिकार्डों का रख-रखाव

6.22 निर्यातों की प्रतिशतता के तौर पर निवल विदेशी मुद्रा अर्जन को वाणिज्यिक उत्पादन की शुरूआत से पांच वर्ष की अवधि हेतु वार्षिक और संचित निबल आधार पर निम्नलिखित प्रक्रिया पुस्तक (खण्ड-1) में उल्लिखित फार्मूले के अनुसार संगणित किया जाएगा ।

ई ओ यू/ई पी जे यूनिटों के निष्पादन पर प्रक्रिया पुस्तक (खण्ड-1) के परिशिष्ट-14 (ङ.) में उल्लिखित मार्ग निर्देशों के अनुसार निगरानी रखी जाएगी ।

प्रदर्शनी के माध्यम से निर्यात/एक्सपोर्ट प्रमोशन टूर/ ब्रान्डेड जेबरात का निर्यात/विदेशी रुम के जरिए निर्यात/शुल्क मुक्त दुकानें

6.23 ई ओ यू/ई पी जैड यूनिटें निम्नलिखित के हकदार होंगे:

(1) विकास आयुक्त की अनुमति से स्वर्ण/चांदी/प्लेटिनियम के जेबरात का निर्यात तथा उनके निर्मित सामान का विदेशों में प्रदर्शन करने/शामिल होना।

(2) स्वर्ण/चांदी/प्लेटिनियम जेबरात, बहुमूल्य, अर्धबहुमूल्य पत्थर, मानिक व शो सामग्री का पर्सनल कैरटिएज ।

(3) जेबरात ब्रान्डेड जेबरात सहित का आयात विदेशों में बनाई गयी दुकानों में प्रदर्शन/विक्रय हेतु अनुमेय हैं ।

(4) विदेशों में बनायी गयी दुकानों तथा या उनके एजेन्टों/विक्रय हेतु अनुमेय हैं ।

(5) विदेशी पर्यटकों को साधारण व स्टडेड जेबरात विक्रय हेतु अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में शो रूम व रिर्टल आटल लैट खोलना ।

आयात का व्यक्तिगत कैरिएज/आयात पार्सल	6.24	विदेश जाने वाले रत्न के व्यक्तिगत कैरिएज रत्न व जेवरात सहित निर्यात पार्शल व भारतीय निर्यातक/विदेशी नागरिक के रत्न व जेबरात व्यक्तिगत कैरिएज आयात पार्शल को प्रक्रिया पुस्तक (खण्ड-1) के अनुसार अनुमेय हैं ।
डाक/कोरियर तथा निर्यात	6.25	सामान सोने/चाँदी/प्लेटिनम जेवरात तथा उसका सामान का निर्यात हवाई जहाज/विदेश डाक खाना तथा कोरियर द्वारा किया जा सकता है।
ई.पी.जैड में आधार भूत विकास	6.26	प्रक्रिया पुस्तक (खण्ड -1) 14(ज) के मार्ग दर्शन के अनुसार आधार भूत विकास जिसमें ई पी जैड में मानक डिजाइन के फैक्ट्री भवन का निर्माण भी शमिल है को निजी/संयुक्त /राज्य सैक्टर के द्वारा कराया जा सकता है ।
ई ओ यू/ई पी जैड यूनिटों का प्रशासन	6.27	ई ओ यू/ई पी जैड में प्रशासन का ब्यौरा प्रक्रिया पुस्तक(खण्ड-1) में दिया गया है ।
रुग्ण यूनिटों का पुननिर्माण	6.28	उपयुक्त प्राधिकारी द्वारा यूनिट को रुग्ण घोषित करने पर बोर्ड द्वारा यूनिट के पुननिर्माण या अधिग्रहण के लिए विचार किया जा सकता है।
फास्ट ट्रैक	6.29	ई. ओ. य./.ई. पी. जैड यूनिटों के लिए जिनमें प्लान्ट व मशीनरी (आयातित व घरेलू) के रुप में 5 करोड़ या उससे अधिक व्यय हुआ है के लिए प्रक्रिया पुस्तक (खण्ड-1) में फास्ट प्रक्रिया का प्रावधान किया गया है ।

नोटः ई एच टी पी/एस टी पी योजना के अधीन यूनिटों के मामलों में इस अध्याय के संबंध पैराग्राफ के अन्तर्गत आवश्यक अनुमोदन/अनुमति ई. पी. जैड. के विकास आयुक्त के बजाए सूचना व प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा नार्मित अधिकारी द्वारा व वी ओ ए के बजाए इन्टर मिनिस्ट्रिपल स्टैंडिग कमेटी (आई एम एस सी) द्वारा दी जाएगी ।

अध्याय - सात

विशेष आर्थिक क्षेत्र

शीर्ष		प्रावधान
1	2	3
पात्रता	7.1(क)	विशेष आर्थिक क्षेत्र एक खास तौर से शुल्क मुक्त क्षेत्र है और यह व्यापार कार्यकलापों तथा शुल्क और प्रशुल्क के प्रयोजनों के लिए एक विदेशी क्षेत्र है ।
	(ख)	डी टी ए से एस इ जेड में जाने वाली वस्तुओं को निर्यात माना जाएगा और एस ई जेड से डी टी ए में आने वाली वस्तुओं को आयात की गई वस्तुएं माना जाएगा ।
	(ग)	एस. ई. जेड. एककों की स्थापना वस्तुओं और सेवाओं के विनिर्माण, उत्पादन, प्रसंस्करण, एसेम्बलिंग, व्यापार, मरम्मत, पुनः निर्माण, रिकंडीशनिंग, रि-इंजीनियरिंग की जाएगी जिसमें स्वर्ण/चांदी/प्लेटिनम के आभूषण और इसकी वस्तुएं या इससे संबंधित निर्माण कार्य शामिल हैं ।
वस्तुओं का निर्यात और आयातीयता	7.2	(क) एस ए जेड एकक,कृषि उत्पादों, आंशिक रुप से प्रसंस्कृत आभूषणों, सब-एसेम्बलीज और संघटकों सहित वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात कर सकते हैं । यह उपोत्पादों, अस्वीकृत माल, उत्पादन प्रक्रिया के दौरान वेस्ट स्क्रैप का भी निर्यात कर सकते हैं ।
		व्यापार/सेवा यूनिट को छोड़कर एस ई जेड यूनिट रुस संघ को भी खरीददार के राज्य क्रेडिट/स्क्रो रुपया लेखा के भुगतान के प्रति भारतीय रुपयों में निर्यात कर सकता है । बशर्ते कि भारतीय रिजर्व बैंक की निकासी, यदि कोई हो, की अनुमति प्राप्त हो ।
		(ख) एस. ए जेड एकक अपने कार्यकलापों या इससे संबंधित कार्यों के लिए आवश्यक और इस क्षेत्र में एकक स्थापित करने के लिए नीति में यथा-परिभाषित पूंजीगत वस्तुओं सहित, चाहे नई हों या पुरानी, सभी प्रकार की वस्तुओं का शुल्क के भुगतान के बिना आयात कर सकते हैं बशर्ते ये आई टी सी (एच एस) में आयात की निषिद्ध मदें न हों । इन एककों को

पूंजीगत वस्तुओं, बिना लागत के यहाँ ग्राहकों से ऋण के रुप में, सहित स्वीकृत कार्यकलापों के लिए आवश्यक वस्तुओं का आयात करने की भी अनुमति होगी ।

(ग) एस. ई. जेड. एकक नीति के तहत साबित डी टी ए में बांडेड गोदामों से शुल्क का भुगतान किए बिना आवश्यक वस्तुएं प्राप्त कर सकती हैं ।

(घ) एस. ई. जेड एकक नीति के तहत साबित डी. टी. ए. में बांडेड गोदामों से तथा भारत में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों से शुल्क का भुगतान किए बिना आवश्यक वस्तुएं प्राप्त कर सकती हैं ।

(ड.) एस ई जेड, एस. ई. जेड. में सॉफ्टवेयर विकास एककों द्वारा प्रयोग के लिए केन्द्रीय सुविधा की स्थपना के लिए सभी प्रकार की वस्तुओं का शुल्क का भुगतान किए बिना आयात कर सकते हैं । साफ्टवेयर विकास के लिए केन्द्रीय सुविधा साफ्टवेयर के निर्यात हेतु डी टी ए में एककों द्वारा बढ़ोतरी भी की जा सकती है ।

(च) रत्न और आभूषण एकक नामजद अभिकरणों के जरिए स्वर्ण/चांदी/प्लैटिनम भी प्राप्त कर सकते हैं ।

(छ) एस. ई. जेड. एकक, डी. टी. ए. से विशिष्ट माल का शुल्क भुगतान किए बिना और ऐसी शर्तों के अधीन आयात/खरीद भी कर सकते हैं जो जौन में यूनिटों की स्थापना करना चाहती है।

पूंजीगत वस्तुओं को पट्टे पर देना

7.3 एस. ई. जेड एकक पार्टियों के बीच पक्के ठेके के आधार पर घरेलू/विदेशी पट्टा कम्पनी से पूंजीगत वस्तुएं प्राप्त कर सकता है । ऐसे मामलों में एस ई जेड यूनिट और घरेलू/विदेशी पट्टा कम्पनी संयुक्त रुप से दस्तावेज प्रस्तुत करेगी ताकि शुल्क के भुगतान के बिना पूंजीगत वस्तुओं का आयात/प्राप्ति संभव हो सके ।

निबल विदेशी मुद्रा अर्जन (एन एफ ई)

7.4 एस ई जेड एकक सकारात्मक निवल विदेशी मुद्रा अर्जन करने वाला एकक होगा । निबल विदेशी मुद्रा अर्जन परिकलन प्रक्रिया पुस्तक (खण्ड-1) के पैराग्राफ - 74 में दिए गए फार्मूले के अनुसार वार्षिक उत्पादन शुरु होने से पाँच वर्षों की अवधि के लिए संचित रुप से किया जाएगा ।

मॉनिटरिंग का कार्य निष्पादन की मानिटरिंग

7.5(क) एस ई जेड एककों के कार्य निष्पादन की मॉनिटरिंग एक समिति द्वारा की जाएगी जिसमें विकास आयुक्त और सीमाशुल्क प्राधिकारी शामिल हों । इस समिति के अध्यक्ष विकास आयुक्त होंगे । यह समिति इस बात को भी देखेगी कि स्वर्ण/चांदी/प्लेटिनम आभूषण और इसकी वस्तुओं में वेस्टेज/विनिर्माण हानि प्रकिया-पुस्तक (खण्ड-1)के परिशिष्ट 14ङ में निर्धारित समग्र प्रतिशत के भीतर हो। अधिक वेस्टेज/विनिर्माण हानि होने पर समिति इसके औचित्य को देखेगें ।

(ख) एस. ई. जेड एककों के कार्य निष्पादन की मानिटरिंग प्रक्रिया पुस्तक (खण्ड-1) के परिशिष्ट -14ङ में दिए गए दिशा निर्देश के अनुसार की जाएगी ।

विधिक वचन-बद्धता

7.6 एकक संबंधित विकास आयुक्त के साथ एक विधिक वचनबद्धता निष्पादित करेगा और सकारात्मक विदेशी मुद्रा अर्जन न कर पाने की स्थिति में विधिक बचनबद्धता या उस समय लागू अन्य किसी कानून के तहत दंडित किया जा सकता है ।

अनुमोदन और आवेदन

7.7(क) एस ई जेड एकक स्थापित करने के लिए आवेदन जो प्रक्रिया पुस्तक (खण्ड-1) के पैराग्राफ 7.19 में उल्लिखित शर्तों को पूरा करने वाले आवेदनों को एस ई जेड के संबंधित विकास आयुक्त द्वारा मंजूरी दी जाएगी । अन्य मामलों में इस प्रयोजन के लिए स्थापित यथाअधिसूचित अनुमोदन बोर्ड द्वारा मंजूरी दी जाएगी जैसा कि प्रक्रिया पुस्तक के परिशिष्ट 14-ख में दर्शाया गया है ।

(ख) औद्योगिक लाइसेंस के प्रस्ताव का अनुमोदन बोर्ड द्वारा मामले के आधार पर विचार किया जाएगा ।

डी टी ए बिक्री और आपूर्तियाँ

7.8(क) एस.ई. जेड एकक उस समय लागू आयात नीति के अनुसार लागू शुल्क का भुगतान करके डी.टी.ए. में उपोत्पादों और सेवाओं सहित वस्तुओं की बिक्री कर सकता है ।

(ख) सेवा/व्यापार एककों द्वारा डी. टी. ए. बिक्री संचित रुप से सकारात्मक निबल विदेशी मुद्रा प्राप्त करने के अधीन होगी। में संलग्न हैं डी टी ए बिक्री संचित सिंगल एल ओ पी में इकाइयाँ जो विनिर्माण और सेवा/व्यय एन. ई. एफ. की प्राप्त की शर्त पर होगी ।

(ग) एस ई जेड एककों द्वारा डी टी ए में की गई निम्नलिखित आपूर्तियॉ सकारात्मक निबल विदेशी मुद्रा अर्जन को पूरा करने के उद्देश्य के लिए किया जाएगा ।

(1) नीति के पैराग्राफ 8.3 के अनुसार डी टी ए में की गइ आपूातया

(2) अधिसूचना सं0 32/97 सी यू ए दिनांक 1.4.1997 के जाबिंग निर्यात आर्डर के तहत और/या सीमाशुल्क की धारा 65 के तहत स्थापित बांडिड गोदामों को की गई आपूर्तियाँ ।

(3) अन्य ई ओ ये/ई पी जेड/एस ई जेड/ई एच टी पी/एस टी पी एककों को की गई आपूर्तियॉ बशर्ते नीति के पैराग्राफ 7.2 के अनुसार ऐसे एककों द्वारा इन वस्तुओं को प्राप्त करने की अनुमति हो ।

(4) वस्तुओं के शुल्क मुक्त आयात की विशेष हकदारी के तहत आपूर्तियाँ

(5) रक्षा एवं आन्तरिक सुरक्षा बल/विदेशी मिशन/डिप्लोमेटों को वस्तुओं की आपूर्ति बशर्ते वित्त मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य छूट अधिसूचना के अनुसार ये ऐसी मदों काशुल्क मुक्त आयात करने के पात्र हों ।

(6) सेवा की ईकाइयों द्वारा माल निर्यात के लिए प्रदत्त सेवाएं ।

(7) सूचना तकनीकी समझौते (आई टी ए-1) मदों की आपूर्ति ।

डी टी ए से आपूर्ति के हेतु हकदारी

7.9 डी टी ए से एस ई जेड को आपूर्ति वाली यूनिटें निम्नलिखित लाभों के प्राप्त होंगे ।

(क) डी टी ए आपूर्तिकर्ता निम्नलिखित लाभ के हकदार होंगे ।
(1) नीति के पैराग्राफ 8.3 के अधीन सम्बन्ध हकदारी
(2) निर्यात प्रदर्शन का दायित्व
(3) नीति के पैरा 8.3 में विनिर्दिष्ट ड्राबैक के बदले में डी.ई.पी.बी.

(ख) एस. ई. जैड यूनिटें पात्र होगें ।
(1) केन्द्रीय बिक्री कर की वापसी;
(2) नीति के पैरा 7.2 के अधीन हकदारी के अनुसार सभी वस्तुओं पर केन्द्रीय उत्पाद शुल्क पर छूट

(3) ई.ओ.यू./ई.पी.जेड./ई.पी.जेड. यूनिटों द्वारा नीलामी केन्द्रों द्वारा प्राप्त थोक चाय पर किए गए केन्द्रीय उत्पाद शुल्क भुगतान की सभी संबंधित जोन के विकास आयुक्त द्वारा प्रतिपूर्ति की जाएगी।

(4) घरेलू तेल कंपनियों से प्राप्त ईधन पर अदा शुल्क को समय-समय पर विदेश व्यापार महानिदेशालय द्वारा अधिसूचित शुल्क वापसी की दर से संबंधित क्षेत्र के विकास आयुक्त द्वारा ई ओ यू/ई पी जैड/ई एच टी पी/एस टी पी को लौटा दिया जाएगा ।

(ख) डी टी ए से ई ओ यू/ई पी जैड एककको को कटे और पालिश किए हुए हीरो, बहुमूल्य और अर्ध बहुमूल्य पत्थरो, सिंथेटिक पत्थरो और संसाधित मोतियों के आपूर्तिकर्ता प्रक्रिया पुस्तक(खण्ड-1) के परिशिष्ट- 13 में उल्लिखित दरों और मदों के लिए प्रतिपूर्ति लाइसेंस पाने के पात्र होंगे ।

(ग) पैराग्राफ (क) और (ख) 1 व 2 के अधीन उपलब्ध लाभों के पात्र होंगे बशर्ते कि आपूर्ति किया गया माल देश में विनिर्मित हो ।

स्तर धारकों के माध्यक से निर्यात

7.10 एस ई जेड एकक उसके द्वारा निर्मित वस्तुओं का इस नीति के तहत मान्यता प्राप्त व्यापारिक निर्यातक/स्तरधारक या किसी अन्य ई ओ यू/ई पी जैड/एस ई जेड/ई एच टी पी एस टी पी एकक के माध्यम से निर्यात भी कर सकता है ।

अन्तर यूनिट हस्तांरण

7.11 (क) एक निर्यात अभिमुख यूनिट/निर्यात संसाधन क्षेत्र/ई एच टी पी/एस टी पी यूनिट से अन्य ई ओ यू/ई पी जेड/ई एच टी पी/एस टी पी यूनिट को विनिर्मित माल के हस्तांतरण की अनुमति दी जाएगी ।

(ख) ई ओ यू/ई पी जैड/ई एच टी पी/एस टी पी यूनिट द्वारा आयातित प्राप्त माल को अन्य ई ओ यू/ई पी जैड/ई एच टी पी/एस टी पी यूनिट एस ई जैड को उधार पर अथवा पट्टे पर दिया जा सकता है जिसे बाकायदा गिना जाएगा लेकिन निर्यात निष्पादन की पूर्ति हेतु नहीं गिना जाएगा । तथापि एस ई जैड यूनिटें जो व्यापारिक गतिविधियॉ विनिर्माता के साथ अन्य एस ई जैड, ई पी जैड या ई ओ यू को आयातित या खरीदा हुआ माल स्थानान्तरित नहीं कर सकते ।

सब पैरा (क) और (ख) के अनुसार माल के हस्तान्तरण के लिए अनुमति नहीं लेनी होगी । परन्तु यूनिट कार्य का पूरा लेखा-जोखा रखेगी ।

अन्य हकदारी

एस ई जैड की अन्य हकदारी को प्रक्रिया पुस्तक (खण्ड-1) में दर्शाया गया है ।

उप-ठेका

7.12 (क) एस ई जेड एकक सीमाशुल्क प्राधिकारी की अनुमति से डी टी ए में एककों या अन्य एस ई जेड/ई ओ यू/ई पी जेड/ई एच टी पी/एस टी पी के माध्यम से अपने उत्पादन के हिस्से या उत्पादन प्रक्रिया का ठेका दे सकता है । उत्पादन प्रक्रिया के भाग के उप ठेके की विदेश में अनुमति अनुमोदन बोर्ड की मंजूरी से दी जा सकती है ।

(ख) एस ई जेड रत्न और आभूषण एककों द्वारा उप ठेका निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगा,

(1) जड़ित आभूषणों सहित तैयार या अर्द्ध-तैयार वस्तुओं जिनमें इस प्रकार निकाले गए स्वर्ण/चांदी/प्लेटीनम के बराबर मात्रा और शुद्धता हो, को 30 दिन के भीतर जाने में वापिस लाया जाएगा । इसके अलावा किसी हीरे, बहुमूल्य या अर्द्ध बहुमूल्य पत्थरों को उप ठेके के लिए जोन से बाहर ले जाने की अनुमति नहीं होगी ।

(2) बराबर मात्रा और शुद्धता के स्वर्ण/चांदी/प्लेटीनम के बदले में डी टी ए से सादा स्वर्ण/चांदी/प्लेटिनम के बदले में डी टी ए से सादा स्वर्ण/चांदी/प्लेटिनम के आभूषण प्राप्त करना ।

(3) एस ई जेड एकक क्रम सं0 (1) में यथाउल्लिखित प्रसंस्करण के पश्चात डी टी ए से प्राप्त आभूषण के प्रति और जैसा कि ऊपर क्रम सं0 (2) में उल्लेख् किया गया है स्वर्ण/चांदी/प्लेटीनमके बदले वेस्टेज या विनिर्माण हानि के पात्र नहीं होंगे ।

(4) स्वर्ण/चांदी/प्लेटिनम के बदले जोब वर्क या आभूषण की आपूर्ति का कार्य हाथ में लेने वाला डी टी ए एकक मान्य निर्यात लाभ पाने का पात्र नहीं होगा ।

(ग) रत्न और आभूषण एकक सहित सभी एकक सीमाशुल्क प्राधिकारी की अनुमति के बिना उसी एस ई जेड अन्य एककों के माध्यम से उत्पादन के हिस्से या उत्पादन प्रक्रिया को उप-ठेके पर दे सकते हैं जो कि आपूर्ति करने वाले और वस्तुओं को प्राप्त करने वाले एककों दोनों द्वारा रिकार्ड रखने के अधीन होगा ।

(घ) रत्न और आभूषण एककों के अलावा, एस ई जेड एककों को डी टी ए निर्यातक की ओर से निर्यात के लिए जानकारी लेने की अनुमति होगी बशर्ते तैयार वस्तुओं एस ई जेड एककों को सीधे ही निर्यात किया जाए । ऐसे निर्यात के लिए डी टी ए एकक शुल्क वापसी की बान्ड दर की वापसी के पात्र होंगे ।

(ड.) जाब वर्क से उत्पन्न स्क्रेप/वेस्ट/इमेनेन्ट को लागू शुल्क का भुगतान करके जाब सर्कर के परिसर से निकास किया जाएगा या एकक को वापिस किया जाएगा ।

डी-बॉडिंग

7.13(क)एस ई जेड एकक को विकास आयुक्त के अनुमोदन से डी-बांडिंग किया जा सकता है । ऐसी डी बाडिंग आयातित और स्वदेशी पूंजीगत वस्तुओं, कच्चा माल आदि और स्टॉक में तैयार वस्तुओं पर लागू सीमाशुल्क और उत्पाद शुल्क के भुगतान के अधीन होगी। यदि एकक ने सकारात्मक निवल विदेशी मुद्रा प्राप्त नहीं कि है तो यह दण्ड के अधीन होगा जिसे विदेश व्यापार (विकास और विनियमन) अधिनियम 1992 के तहत न्याय निर्णय प्राधिकारी द्वारा लगाया जाएगा ।

(ख) एक बार के विकल्प के रुप में विकास आयुक्त द्वारा एस ई जेड एकक की मौजूदा ई पी सी जी किसी योजना के तहत पूंजीगत वस्तुओं पर शुल्क का भुगतान करने पर डी-बॉड की अनुमति दी जाएगी बशर्ते एकक इस योजना के पात्रता संबंधी मानदण्डों और प्रक्रिया पुस्तक (खण्ड- 1) के पैराग्राफ 9-क.13 के अनुसार मानक शर्तों को पूरा करें ।

समारोह/निर्यात संवर्धन दौरों/ ब्रान्डेड आभूषणों निर्यात/ विदेशों में शो-रुम के माध्यम से निर्यात/शुल्क मुक्त दुकानों माध्यम से निर्यात

7.14 विशेष आर्थिक क्षेत्र रत्न एवं आभूषण एकक निम्नानुसार पात्र होंगे:-

(क) विकास आयुक्त की अनुमति से विदेशों में आयोजित समारोह में होल्डींग/प्रतियोगिता के लिए सोना/चांदी/प्लेटिनम आभूषणों एवं इनकी का बनी वस्तुओं का निर्यात किया जाएगा ।

(ख) सोना/चांदी/प्लेटिनम आभूषणों, बहुमूल्य, अर्द्ध-बहुमूल्य पत्थरों, बीड्स एवं वस्तुओं की व्यक्तिगत दुलाई ।

(ग) विदेश में स्थापित अनुमति प्राप्त दुकानों पर प्रर्दशन/ब्रिक्री के लिए बॉडेड आभूषणों सहित आभूषणों के निर्यात की भी अनुमति है ।

(घ) विदेश में स्थापित अनुमति प्राप्त दुकानों या इनमें वितरकों/एजेंन्टों के शोरुम में प्रर्दशन/ब्रिक्री

(ड.) विदेशी ट्यूरिस्टों कोसादे और जड़ित आभूषणों की ब्रिक्री के लिए अर्न्तराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर शोरुम/खुदरा ब्रिकी केन्द्रों की स्थापना ।

निर्यात/आयात पार्सल को व्यक्तिगत रुप

7.15 विदेश जाने वाले यात्रियों द्वारा रत्नों एवं आभूषणों के निर्यात पार्सलों को व्यक्तिगत रुप से ले जाने और किसी भरतीय या विदेशी नागरिक द्वारा रत्न और आभूषणों के अभ्यत पार्सलों को व्यक्तिगत रुप से जाना जाने की अनुमति प्रक्रिया पुस्तक (खण्ड-1) के पैरा 9-क.15 में दी गई शर्तों में दी जएगी ।

डाक कुरियर द्वारा निर्यात

7.16 स्वर्ण/चांदी/प्लेटिनम आभूषणों एवं इससे बनी वस्तुओं का एयरकुरियर या विदेशी डाकघर या कुरियर के द्वारा निर्यात किया जा सकता है ।

खराब मास/ स्क्रेप/वेस्ट/ अपशिष्ट का निपटान

7.17 उत्पादन प्रक्रिया या इससे संबंधित अभिकलापों से बने खराब माल/ स्क्रेप/वेस्ट/अपशिष्ट को लागू शुल्क का भुगतान करने पर डी टी ए में बेचा जा सकता है। सीमाशुल्क प्राधथ्कारी को सूचित करके जोन के भीतर स्क्रेप/वेस्ट/अपशिष्ट/खराब माल को नष्ट करने पर या सीमाशुल्क प्राधिकारी की अनुमति से एस ई जेड के बाहर नष्ट करने पर कोई शुल्क देय नहीं होगा ।

वस्तुओं को बदलना/ मरम्मत करना

7.18 (क) बदली गई/मरम्मत की गई वस्तुओं के निर्यात संबंधित नीति के पैराग्राफ 11.9 एवं 11.11 के प्रावधान एस ई जेड एककों को भी समान रुप से लागू होंगे, पैराग्राफ 11.9 एवं 11.11 के प्रावधानों में जो मामले नहीं आते उन पर विकास आयुक्त द्वारा गुण-दोष के आधार पर विचार किया जाएगा ।

(ख) डी टी ए में बेची गई वस्तुओं जिन्हें खराब पाया गया है उन्हें विकास आयुक्त को सुचित करते हुए मरम्मत/बदलने के लिए वापिस लाया जाएगा ।

(ग) वस्तुओं या इसके हिस्सों को अभ्यातित रुप से/स्वदेशी रुप से प्राप्त किए जाने और खराब पाया जाने या प्रयोग के लिए अन्यथा ठीक ना पाया जाना या जो वस्तुएं क्षतिग्रस्त हो गई हैं या आयात/प्राप्त के पश्चात् खराब हो गई हैं उन्हें वापिस किया जा सकता है और बदला जा सकता है यानष्ट किया जा सकता है । वस्तुओं को बदले जाने की स्थिति में वस्तुओं को विदेशी आपूर्तिकर्त्ताओं या भारत इनके प्राधिकृत एजेंन्टों या स्वदेशी आपूर्तिकर्त्ताओं से वापिस लाया जा सकता है ।

(घ) सीमाशुल्क प्राधिकारी को सूचित करके वस्तुओं को मरम्मत करने/बदलने, परीक्षणया अंशाकन, गुणवत्ता, परीक्षण और अनुसंधान और विकास प्रयोजन के लिएडी टी ए को हस्तान्तरित किया जा सकता है ।

विशेष आर्थिक क्षेत्र का प्रबन्धन

7.19 (क) एस ई जेड़ विकास आयुक्त के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन होगा।

(ख) विशेष आर्थिक जोन यूनिटों में अन्य विनिर्दिष्ट स्वयं प्रमाणित प्रक्रिया के माध्यम को छोड़कर सभी गतिविधियाँ

निजी/संयुक्त/राज्य क्षेत्र में ई जेड की स्थापना

7.20 वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा यथा-अधिसूचना के अनुसार एस ई जेड सार्वजनिक, निजी, संयुक्त क्षेत्र या राज्य सरकार द्वारा स्थापित एस ई किए जा सकते हैं । वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा एक अधिसूचना जारी करके मौजूदा निर्यात संसाधन जोनों को एस ई जेड में परिवर्तित भी किया जा सकता है ।

नमूने

7.21 एस ई जेड एकक उनके द्वारा रखे गए रिकार्डों के आधार पर और सीमाशुल्क प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से:-

(क) लागू शुल्क का भुगतान, प्रर्दशन/बाजार संवर्धन के लिए डी टी ए में नमूनों की आपूर्ति या बिक्री कर सकते हैं ।

(ख) निर्धारित अवधि के भीतर वस्तुओं को वापिस लाने के लिए सीमाशुल्क प्राधिकारी को उपर्युकत वचनबद्धता देकर शुल्क के भुगतान के बिना नमूनों को हटा सकते हैं ।

(ग) कुरियर एजेंन्सियों के माध्यम से नमूनों सहित निर्यात नमूने वैक्स मोडल्स, सिल्वर मोडल्स और रबर माइल्डस के निर्मित नमूनों का भी यूनिटों द्वारा रखे गए रिकार्ड एवं सीमाशुल्क प्राधिकारण को सूचना के आधार पर बिना किसी सीमा के निर्यात कर सकते हैं । कूरियर एजेन्टों के माध्यम से भी नमूनों का निर्यात किया जा सकता है ।

अप्रयुक्त सामग्री अप्रचलित वस्तुओं की बिक्री

7.22 (क) यदि कोई एस ई जेड एकक वैध कारणों से पूंजीगत वस्तुओं और हिस्से पुर्जों सहित वस्तुओं का उपयोग नहीं कर पाता तो उस समय लागू आयात नीति के अनुसार लागू शुल्क का भुगतान करके डी टी ए में बेच सकता है ।

(ख) जो पूंजीगत वस्तुएं और हिस्से पूर्जे प्रचलित/फालतू हो गए हैं उन्हें या तो निर्यात किया जा सकता है या लागू शुल्क का भुगतान करके डी टी ए में बेचा जा सकता है । यथा लागू मूल्यह्रास लाभ डी टी ए में ब्रिक्री के मामले में उपलब्ध होंगे ।

(ग) यदि वस्तुओं का सीमाशुल्क प्राधिकारी की अनुमति से नष्ट कर दिया जाता है तो उसे शुल्क का भुगतान नहीं करना पड़ेगा ।

(घ) संबंधित सीमाशुल्क/केन्द्रीय उत्पाद शुल्क प्राधिकारियों द्वारा एस ई जेड एकक को प्रिन्टर, प्लोटर, स्कैनर, मॉनिटर, की-बोर्ड और स्टोरेज यूनिट सहित आयातित/स्वदेशी (खरीदा या ऋण पर लेना) रुप से प्राप्त किए गए कम्प्यूटर और पेरिफैरलस का एकक द्वारा आयात करने/प्राप्त करने और प्रयोग के 2 वर्ष के पश्चात शुल्क का भुगतान किए बिना इस संबंध में जारी सीमाशुल्क/केन्द्रीय उत्पांद शुल्क की अधिसूचना के अनुसार मान्यता प्राप्त गैर वाणिज्यक शैक्षिक संस्थाओं, पंजीकृत धर्मा अस्पतालों, सार्वजनिक पुस्तकालयों, सार्वजनिक रुप वित्त पोषित अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठानों, भारत सरकार या केन्द्र शासित प्रदेश के संगठनों को दान कर सकते हैं ।

एस ई जेड द्वारा विकासकर्त्ता एस ई हकदारी

7.23 (क) निजी/संयुक्त/राज्य क्षेत्र में एस ई जेड का विकास कर्त्ता सरकार विकास कार्यों एवं एस ई जेड में रख-रखाव के लिए सीमाशुल्क/उत्पाद शुल्क के भुगतान के बिना जेड के विकास के लिए वस्तुओं का आयात/प्राप्ति कर सकता है ।

(ख) एस ई जेड विकास कर्त्ता एस ई जेड को विकसित करने के लिए आयकर अधिनियम में यथानिर्दिष्ट विभिन्न हकदारियाँ पाने का पात्र होगा ।

संक्रमण प्रबन्ध

7.24 मौजूदा ई पी जेड एकक के पास निम्नलिखित विकल्प रहेंगे:-

(क) ई पी जेड एकक इस अध्याय के तहत एस ई जेड योजना का विकल्प चुन सकता है । परिवर्तन होने पर एस पी जेड एकक का पहले का दायित्व एस. ई. जेड योजना के तहत दायित्व में मिल जाएगा । परिवर्तन के समय एकक के स्टॉक में पड़ा कच्चा माल, संघटक, उपभोज्य और तैयार वस्तुओं को एस ई जेड़ योजना के तहत प्रारंभिक शेष के रुप में ले लिया जाएगा । एकक की अनुपयुक्त डी टी ए बिक्री हकदारियाँ वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा यथाअधिसूचित परिवर्तन की तारीख से समाप्त हो जाएगी ।

(ख) जो मौजूदा ई पी जेड एकक ऊपर (का) विकल्प को नहीं चुनते तो वे स्वयं को ई. ओ. यू या डिमाण्ड में परिवर्तित कर सकते हैं । दोनों मामलों में एकक को वास्तविक रुप से एस. ई. जेड के बाहर जाना होगा ।

अध्याय - आठ

मान्य निर्यात

परिभाषाः

8.1 "मान्य निर्यात" का अर्थ उस लेन-देन से है जिसमें आपूर्ति किया गया माल देश से बाहर नहीं जाता ।

संभरण की श्रेणियाँ

8.2 इस नीति के तहत निम्नलिखित श्रेणियों के माल का मुख्य/उप ठेकेदारों द्वारा आपूर्ति को मान्य निर्यात" के रुप में माना जाएगा बशर्ते कि माल भारत में विनिर्मित हुआ हो :-

(क) शुल्क मुक्त /शुल्क वापसी स्कीम के तहत जारी अग्रिम लाइसेंस/डी एफ आर सी के प्रति माल का संभरणः

(ख) निर्यातोन्मुख यूनिटों या निर्यात संसाधन क्षेत्रों/एस ई जैड या साफ्टवेयर टेक्नालोजी पार्कस अथवा इलैक्ट्रॉनिक हार्डवेयर टैक्नोलोजी पार्कस में स्थित यूनिटों को माल की आपूर्ति ।

(ग) निर्यात संवर्धन पूंजीगत माल स्कीम के अन्तर्गत लाइसेंसधारियों को पूंजीगत माल की आपूर्ति ।

(घ) वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग द्वारा अंतराष्ट्रीय प्रतियोगी बोली के तहत बहुपक्षीय या द्विपक्षीय अभिकरणों/निधियों द्वारा वित्त-पोषित परियोजनाओं को उन अभिकरणों/निधियों की प्रक्रियाओं के अनुसार माल का संभरण, जहां विधिक करारों में सीमाशुल्क को शामिल किए बिना टेंडर मूल्यांकन की व्यवस्था होः

(ड.) पूंजीगत माल की आपूर्ति जिसमें उर्वरक संयंत्रों की स्थापना हेतु इस पूंजीगत माल के लिए आवश्यक अनअसैम्बल्ड/डिसअसैम्बल्ड हालत में तथा कच्चा माल अर्न्तवर्ती,संघटक,कलपुर्जे शामिल हैं और एफ ओ आर मूल्य के 10 प्रतिशत तक हिस्से पुर्जों एवं वाणिज्यिक उत्पाद की आपूर्ति, यदि आपूर्ति अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगी बोली की प्रक्रिया के अधीन की गई हो ।

(च) इस अध्याय के अन्तर्गत घरेलू संभरण के लिए शून्य सीमाशुल्क पर ऐसे माल के आयात की अनुमति देते हुए किसी परियोजना या प्रयोजन के लिए वित्त मंत्रालय की एक अधिसूचना के तहत घरेलू संभरण के लिए माल की आपूर्ति ।

(छ) ऊपर (च) में शामिल न किए गए पावर और रिफाइनरी को माल की आपूर्ति ।

(ज) शिपिंग कारपोरेशन को 100 प्रतिशत ई ओ यू (घरेलू भाड़ा कन्टेनरों के विनिर्माताओं) द्वारा समुद्री फ्रेट कन्टेनरों की आपूर्ति बशर्ते उक्त कन्टेनरों का भारत से निर्यात 6 महीनों या सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा अनुमत अवधि के भीतर किया गया हो ।

(झ) संयुक्त राष्ट्र संघ के संगठनों द्वारा वित्त पोषित संगठनों को की गई आपूर्ति ।

( ) अन्तराष्ट्रीय प्रतियोगी बोली के विपरीत प्रतियोगी बोली के आधार पर न्यूक्लियर पावर प्रोजेक्टों को माल की आपूर्ति ।

मान्य निर्यातों के लिए लाभ

